वर्ष : 17 | अंक : 117 | मूल्य : 02 रुपया मात्र | पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित | शनिवार 14 फरवरी 2026 | लोकतंत्र का स्तंभ

# प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन किया, पीएमओ अब नए भवन से करेगा कार्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन किया, जहां अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक साथ कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री ने नए परिसर में 'सेवा तीर्थ' नाम का अनावरण किया, जो भवन की दीवार पर देवनागरी लिपि में अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने परिसर में पूजा-अर्चना भी की और 'सेवा' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए कई महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर परिसर के उद्घाटन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "भारत के लोगों की सेवा करने के पक्के इरादे और नागरिक देवो भव की पवित्र भावना से प्रेरित होकर, सेवा तीर्थ विनम्रता से देश को समर्पित है। सेवा तीर्थ हमेशा कर्तव्य, करुणा और इंडिया फर्स्ट के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता का एक चमकता हुआ प्रतीक बना रहे। यह आने वाली पीढ़ियों को निःस्वार्थ सेवा और सभी की भलाई के लिए बिना थके समर्पण के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में बताया कि सेवा तीर्थ में आज उन्होंने गरीबों, वंचितों, मेहनतकश किसानों, युवा शक्ति और नारी शक्ति को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों पर हस्ताक्षर किए। इन निर्णयों में 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी शामिल है, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे यह पक्का होगा कि प्रभावित किसी भी व्यक्ति को तुरंत मेडिकल मदद मिले। इसके अलावा 'लखपति दीदी' योजना का लक्ष्य दोगुना करके 6 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है। इससे महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 'एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड' का लक्ष्य एक लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह हमारे किसानों के लिए बहुत मददगार होगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। सरकार ने 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी है, जिसका कोष 10,000 करोड़ रुपये होगा। इससे शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स और डीप-टेक अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना को सुदृढ़ करते हैं और विकसित भारत के संकल्प को नई गति देते हैं। अब प्रधानमंत्री कार्यालय रायसीना हिल स्थित दक्षिण ब्लॉक से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित होगा, जिससे कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, जो पहले अलग-अलग स्थानों पर स्थित थे, एक ही परिसर में कार्य कर सकेंगे।

## 'विश्व रेडियो दिवस' पर प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के लिए जनता से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी और रेडियो को सूचना व रचनात्मकता का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान उन्होंने 22 फरवरी को प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए जनता से सुझाव देने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, "विश्व रेडियो दिवस एक ऐसे माध्यम का जश्न मनाने का अवसर है जो दूरदराज के गांवों से लेकर हलचल भरे शहरों तक लोगों की विश्वसनीय आवाज है। वर्षों से रेडियो समय पर सूचना पहुंचाता रहा है, प्रतिभा को निखारता रहा है और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता रहा है। यह दिन इस माध्यम से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों को स्वीकार करने का दिन है। अपने लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने रेडियो के साथ अपने जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के जरिए उन्होंने रेडियो की उस अद्भुत क्षमता का प्रत्यक्ष अनुभव किया है, जो देश की सामाजिक शक्ति को एकजुट और उजागर कर सकती है।

## पीएम ने 'पीएम सूर्य घर' योजना को बताया स्वच्छ भविष्य की राह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक संस्कृत सुभाषित के माध्यम से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी साझा की। भगवान सूर्य की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि सूर्य देव हम सभी के जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन शुरू हुई पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना भी सूर्य की ही प्रेरणा से रोशन है और यह देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रही है। प्रधानमंत्री ने एक्स संदेश में सुभाषित साझा किया, "चरन् वै मधु विन्दति, चरन् स्वादुमुम्बरम्। सूर्यस्य पश्य श्रेमाणं, यो न तन्द्रयते चरन् चरैवेति॥" इसका अर्थ है कि निरंतर कर्म करते रहने वाला व्यक्ति ही जीवन में मधुर फल प्राप्त करता है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### उप्र सरकार का 'ऑपरेशन लंगड़ा' और 'ऑपरेशन बुलडोजर' कानून की नजर में

उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। उसके बाद उत्तर प्रदेश में दो शब्द खूब चर्चा में रहे हैं- 'ऑपरेशन लंगड़ा' और 'ऑपरेशन बुलडोजर'। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे ही शासन व्यवस्था की पहचान बन चुके हैं। राज्य सरकार का दावा है, इन अभियानों ने अपराधियों में भय पैदा किया है। उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। वहीं आलोचकों का कहना है, इन कार्रवाइयों ने विधि-व्यवस्था के साथ-साथ संवैधानिक सिद्धांतों पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में पुलिस राज कायम हो गया है। शासन की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश की पुलिस बेखौफ हो गई है। अपराध कम होने के स्थान पर बढ़ते चले जा रहे हैं। हां पुलिस को लेकर आम आदमी भयभीत है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

इसका कब कौन शिकार हो जाएगा, इसको लेकर आम नागरिक हमेशा असमंजस में रहते हैं। रही सही कसर धार्मिक ध्रुवीकरण के कारण उत्तर प्रदेश में भय एवं आतंक का वातावरण बना हुआ है। 'ऑपरेशन लंगड़ा' शब्द उन पुलिस मुठभेड़ों के लिए प्रचलित हुआ, जिसमें आरोपियों के पैर में गोली लगने की घटनाएं बड़े पैमाने पर सामने आईं हैं। कई मामलों में अदालतों ने पुलिस की कार्यवाही के खिलाफ टिप्पणी की है। कानून के हिसाब से पुलिस की भूमिका आरोपी को पकड़कर न्यायालय के सामने प्रस्तुत करना है, नाकि आरोपी या अपराधी को सीधे दंडित करना है। इलाहाबाद हाईकोर्ट स्पष्ट कर चुका है, न्याय करने का अधिकार अदालत के पास है, पुलिस के पास नहीं। यदि उत्तर प्रदेश की हर मुठभेड़ की कहानी एक जैसी हो, आत्मरक्षा में गोली चलाने से अपराधी की मौत या अपराधी के पैर में गोली लगना, इन दोनों को न्यायपालिका, पुलिस द्वारा कानून का उल्लंघन मानती है।

जिस बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में इस तरह की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं, उसके बाद न्यायपालिका की भी चिंता बढ़ती जा रही है। 'ऑपरेशन बुलडोजर' के तहत अवैध निर्माणों को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई पर न्यायपालिका द्वारा विरोध जताया गया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी सरकार का तर्क है, यह कार्रवाई कानून के तहत की गई है। अवैध संपत्तियों और अपराध से अर्जित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही है। पुलिस को यदि रक्षा के लिए हथियार दिए गए हैं तो वे देखने के लिए नहीं बल्कि चलाने के लिए हैं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा कई बार बिना पर्याप्त नोटिस या बिना सुनवाई के घरों को गिरा दिया गया। जिससे 'न्यायिक प्रक्रिया' को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट कई निर्देश जारी कर चुकी है। सरकार द्वारा उन आदेशों और निर्देशों पर अमल नहीं हो रहा है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना



**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने कई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितंबर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे- विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है।

### 8वें वेतन आयोग लागू हुआ तो 1 से 5 लेवल तक के कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें फिटमेंट फॉर्मूले के तहत लागू होने की उम्मीद है। वहीं, सिफारिशें एक जनवरी 2026 से लागू होंगी तो ऐसे में कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें एरियर भी मिलेगा। एरियर की अवधि 18 से 24 महीनों तक की हो सकती है। अब सवाल है कि आखिर कितना एरियर मिलेगा। लेवल 1 से लेवल 5 तक के कर्मचारियों के लिए यह एरियर लाखों रुपए में मिल सकता है। जानकारी के मुताबिक अगर 1 जनवरी 2026 को प्रभावी तिथि मानते हुए 20 महीनों का एरियर लिया जाए और फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 या 2.57 के आधार पर गणना की जाए, तो लेवल 1 से 5 तक के कर्मचारियों को एकमुश्त बड़ी रकम मिल सकती है। मान लीजिए कि सातवें वेतन आयोग के तहत लेवल 1 कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। वहीं, लेवल 5 कर्मचारियों की सैलरी 29,200 रुपए है। अब आठवें वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों का 20 महीने का एरियर 3.60 लाख रुपए से 9.17 लाख रुपए तक बनता है। यह कैल्कुलेशन फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 और 2.57 के आधार पर किया गया है। बता दें एरियर की गणना का तरीका सीधा होता है। इसमें 7वें वेतन आयोग के तहत मौजूदा बेसिक पे पर स्वीकृत फिटमेंट फैक्टर लागू कर नई बेसिक सैलरी तय की जाती है। इसके बाद पुरानी और नई सैलरी के बीच का मासिक अंतर निकाला जाता है और उसे देरी के महीनों की संख्या से गुणा किया जाता है।

## सरकार राहुल के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाएगी एक सदस्य पहले ही दे चुके हैं नोटिसः रिजिजू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इस संबंध में एक सदस्य पहले ही नोटिस दे चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि सरकार ने पहले राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाने का फैसला किया था, लेकिन अब सरकार प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इसके पीछे कारण है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पहले ही इस मामले में एक 'सब्सटैंटिव प्रस्ताव' पेश कर चुके हैं। इसमें उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से रोकने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक अप्रकाशित किताब का गैर-कानूनी तरीके से उल्लेख किया। उन्होंने अपने बजट भाषण में भी कई आपत्तिजनक बातें कहीं, जैसे 'देश बेच दिया' कहना और प्रधानमंत्री के लिए अनुचित शब्दों का प्रयोग करना है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर हम उन्हें नोटिस देना चाहते थे। रिजिजू ने कहा कि 'सब्सटेंटिव मोशन' स्वीकृत होने के बाद अध्यक्ष से चर्चा कर यह तय किया जाएगा कि इसे विशेषाधिकार समिति या आचार समिति को भेजा जाए या सीधे सदन में चर्चा के लिए लाया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चर्चा कर यह तय किया जाएगा कि इसे विशेषाधिकार समिति या आचार समिति को भेजा जाए या सीधे सदन में चर्चा के लिए लाया जाए।

## प्रत्येक नागरिक भारत के सतत एवं समग्र विकास में दे सकता हैं योगदान : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक कर्मयोग के माध्यम से भारत के सतत और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। राष्ट्रपति ने आज यहां ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी उन्नति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है, जो एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किंतु नैतिकता के अभाव में आर्थिक और तकनीकी विकास सामाजिक असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने कहा कि अनैतिक आर्थिक प्रगति से संपत्ति और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरणीय क्षति तथा कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। इसी प्रकार, नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो कर्मयोग अर्थात निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर बल देती है, जो शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। जब हमारे विचार आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होते हैं, तब हम स्वार्थ से ऊपर उठकर समस्त समाज के कल्याण के बारे में सोच पाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है, जो केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचिंतन करने तक सीमित नहीं है बल्कि कर्मयोग इसका अभिन्न अंग है। कर्मयोग का अर्थ है उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करना। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं।

## अब आधे-अधूरे एक्सप्रेसवे पर सरकार टोल नहीं वसूल सकेगी




**नई दिल्ली।** भारत में एक्सप्रेस वे के निर्माण की लंबी प्रक्रिया के बीच कुछ किलोमीटर तक गुजरने पर लोगों को टोल देना पड़ता था। इससे लोगों में निराशा थी। अब यह नियम बदल गया है। दरअसल पहले एक्सप्रेस वे पूरा नहीं होने पर भी लोगों से टोल टैक्स ले लिया जाता था। लेकिन 15 फ़रवरी से ऐसे आधे-अधूरे एक्सप्रेसवे पर सरकार टोल नहीं वसूल सकेगी। केंद्र सरकार ने टोल नियमों में बदलाव कर दिया है, जिससे यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। अब नियम ये है कि जब कोई नेशनल एक्सप्रेसवे पूरी तरह एंड-टू-एंड शुरू नहीं हुआ होगा, तो उसके खुले हुए हिस्से पर टोल नेशनल हाईवे के सामान्य रेट से ही लिया जाएगा। पहले एक्सप्रेसवे पर टोल 25 प्रतिशत ज्यादा लिया जाता था, चाहे सड़क पूरी बनी हो या नहीं। केंद्र सरकार ने यह बदलाव नेशनल हाईवे फीस (दर निर्धारण और वसूली) नियम, 2008 में संशोधन करके किया है।

## राज्यसभा वेबसाइट में नेता प्रतिपक्ष के भाषण के अंश हटाए, खड़गे ने जताई आपत्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**वित्त मंत्री ने कहा- यह फैसला सभापति का अधिकार है, ऐसी मांग नहीं करनी चाहिए**



राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि सदन में उनके दिए भाषण का एक हिस्सा राज्यसभा की वेबसाइट से हटा दिया गया है। इस पर उन्होंने आपत्ति जताई और कहा कि सभी बातें नियमों के दायरे में रहकर कर कही थीं। जवाब में सभापति ने कहा कि वे इस विषय को देखेंगे। खड़गे ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि हटाए गए अंशों को जोड़ा जाए। इस पर सदन में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह फैसला सभापति का होता है और सभापति ने यदि अपने विवेक से नियमों के आधार पर फैसला लिया है तो ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को ऐसी मांग नहीं करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना था कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में दिए गए उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी उचित कारण के हटा दिया। उन्होंने जब राज्यसभा की वेबसाइट देखी तो उन्हें यहां अपने भाषण के अंश नहीं मिले।

## लोकसभा की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित


**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में बजट सत्र का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। अब बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के सदस्यों ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इसके चलते कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। जब 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने बताया कि कई सदस्यों ने कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है, जिसे नामंजूर कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम पुकारा। प्रधान ने अपने मंत्रालय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे। इसके बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को 12 फरवरी को राज्यसभा ने भी बिना किसी संशोधन के पारित कर दिया है। इससे पहले यह विधेयक लोकसभा में पारित हो चुका है। इसके बाद पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

## एआई एवं क्लाउड कंप्यूटिंग प्रतिस्पर्धा अब पृथ्वी पर नहीं अंतरिक्ष में होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस वैश्विक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) एवं क्लाउड कंप्यूटिंग की दौड़ के लिए तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रतिस्पर्धा पृथ्वी पर नहीं अंतरिक्ष में होगी। चेन्नई की स्पेसटेक स्टार्टअप जल्द ही अंतरिक्ष आधारित एआई डेटा सेंटर को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वह इस अवधारणा पर काम करने वाली एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स, गूगल और ऐक्सीअम जैसी खास कंपनियों की जमात में शामिल होने जा रही है। पहली बार कोई भारतीय कंपनी ऑर्बिटल डेटा सेंटर को सुगम बनाने के लिए काम कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विश्व स्तर पर भी पहली बार कोई कंपनी अपने प्रक्षेपण यान के एक्स्टेंडेबल अपर स्टेज को डेटा सेंटर होस्ट करने वाली सैटेलाइट बस के तौर पर इस्तेमाल करने की पेटेंट वाली प्रौद्योगिकी उपलब्ध करा रही है। कंपनी ने एआई डेटा सेंटर को रखने की अपनी क्षमता की ही घोषणा नहीं की है, बल्कि बेंगलुरु की कंपनी नीवक्लाउड को अपने पहले ग्राहक के रूप में शामिल भी कर लिया है। अनुबंध के मुताबिक नीवक्लाउड के एआई सुपरक्लाउड प्लेटफॉर्म द्वारा विकसित कक्षा आधारित एआई डेटा सेंटर मॉड्यूल को अग्निकुल अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करेगी। नीवक्लाउड इस प्लेटफॉर्म पर रियल टाइम एआई इंफरेंस ऐप्लिकेशन को चलाएगी। अग्निकुल के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी मोइन एसपीएम ने बताया कि रॉकेट आम तौर पर एक लॉजिस्टिक्स साधन होता है। हम अपनी पेटेंट वाली प्रौद्योगिकी के जरिये प्रक्षेपण यान के एक्स्टेंडेबल अपर स्टेज को डेटा सेंटर होस्ट करने वाली सैटेलाइट बस के रूप में एक अलग सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। यह अन्य वैश्विक कंपनियों द्वारा किए जा रहे कार्यों से अलग है। यह ग्राहकों को उपग्रह बनाने जैसी अन्य जटिलताओं से बचाते हुए जीपीयू, कंप्यूटिंग एवं अन्य टेक्नॉलजी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने की सहूलियत देती है।

## ट्राई ने डीएनडी और माईस्पीड ऐप का नवीनीकृत संस्करण किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने ट्राई के डीएनडी और माईस्पीड ऐप के नवीनीकृत संस्करण के लांचिंग के मौके पर कहा कि यह केवल रूप सुधार नहीं है बल्कि वर्तमान समय की तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मूल संरचना का पुनर्निर्माण किया गया है। ट्राई ने अवांछित कॉल और अनचाहे व्यावसायिक संदेशों पर अंकुश लगाने और नेटवर्क की वास्तविक समय में गुणवत्ता जांचने के लिए डीएनडी और माईस्पीड ऐप के नवीनीकृत संस्करण को लांच किया। कार्यक्रम में प्राधिकरण की सदस्य ऋतु रमन और सदस्य एमपी तंगीराला भी उपस्थित रहे। अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि इन दोनों ऐप के पुराने संस्करण वर्ष 2016 और 2017 में शुरू किए गए थे। समय के साथ तकनीक, सॉफ्टवेयर, परिचालन तंत्र, नेटवर्क संरचना और उपयोग के तौर तरीके में बड़ा बदलाव आया है। इसी कारण इन्हें पूरी तरह नए सिरे से विकसित करना आवश्यक हो गया था। साल 2025 में अनचाहे व्यावसायिक संचार से संबंधित कुल 31.09 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास ख़बर

## होटल की चौथी मंजिल से युवती ने लगाई छलांग, हालत गंभीर

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के फर्श बाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक होटल की चौथी मंजिल से युवती के कूदने का मामला सामने आया है। घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे पीसीआर कॉल मिली कि 60 फुटा रोड स्थित एक होटल से एक लड़की ने छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि 20 वर्षीय युवती, जो सुंदर नगरी की रहने वाली है, एक 22 वर्षीय युवक के साथ होटल में ठहरी हुई थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में युवती ने चौथी मंजिल की खिड़की से नीचे छलांग लगा दी। घटना के तुरंत बाद युवती को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों के बीच विवाद के कारणों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत, एक गंभीर

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में मथुरा रोड स्थित मोदी मिल फ्लाईओवर के पास गुरुवार रात सड़क हादसे में 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 13 फरवरी को पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि मथुरा रोड पर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को सरिता विहार की ओर जाने वाली लेन में भारी जाम मिला। राहगीरों ने बताया कि वहां सड़क हादसा हुआ है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि 12 और 13 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच एक स्कूटी को बदरपुर की ओर जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक किराना सामान से लदा था और बवाना के बादली क्षेत्र से नागपुर जा रहा था। ट्रक में चालक के अलावा कोई क्लीनर मौजूद नहीं था। पुलिस अधिकारी के अनुसार हादसे में सराय जुलैना निवासी मानव (19) की मौके पर गंभीर चोटें आईं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जामिया नगर निवासी मोहम्मद साद (21) गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्कूटी साद के पिता के नाम पंजीकृत है। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपित चालक की पहचान नूंह (हरियाणा) निवासी जाहुल (32) के रूप में हुई है। वह पिछले दो वर्षों से ट्रक मालिक राशिद के यहां काम कर रहा था। चालक ने ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन बीमा होने का दावा किया है, जिनकी जांच की जा रही है।

## दिल्ली तीन स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर कई स्कूलों को ई-मेल और फोन कॉल के जरिए बम की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और स्कूल परिसरों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सबसे पहले सुबह करीब 9:13 बजे झंडेवालान स्थित एक स्कूल को फोन कॉल के जरिए बम होने की धमकी दी गई। इसके बाद कुछ तीन अन्य स्कूलों को भी इसी तरह के संदेश मिलने की जानकारी सामने आई। धमकी मिलते ही स्कूल प्रशासन ने एहतियातन सभी छात्रों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कई स्कूलों में अभिभावकों को सूचना देकर बच्चों को घर भेजा गया। स्कूलों के बाहर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया और आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बढ़ाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने स्कूल परिसरों की गहन जांच की। एहतियात के तौर पर दिल्ली दमकल विभाग की गाड़ियां भी तैनात की गईं। अधिकारियों के अनुसार अब तक किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं पुलिस अधिकारी के अनुसार सभी मामलों की स्पेशल सेल की साइबर यूनिट धमकी भरे ई-मेल और कॉल की तकनीकी जांच में जुटी है, ताकि संदेश भेजने वाले की पहचान की जा सके। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों और पिछले कुछ महीनों में लगातार राजधानी के कई स्कूलों को इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। अधिकांश मामलों में जांच के बाद धमकियां फर्जी पाई गई थीं।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन कल

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शनिवार को यहां के विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, शी-बॉक्स लोगो का अनावरण, राष्ट्रव्यापी पोश प्रशिक्षण वीडियो, सूचना एवं संचार एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईईसी) सामग्री और कर्मयोगी भारत पर उपलब्ध पोश प्रशिक्षण तक प्रत्येक नागरिक की पहुंच शामिल होगी। सम्मेलन का उद्देश्य कार्य क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन को मजबूत करना है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सभी को राष्ट्रीय कार्यस्थल सुरक्षा की शपथ दिलाएंगी। प्रमुख सत्रों में कार्यस्थल सुरक्षा अनुपालन और संस्कृति को सुदृढ़ करने पर एक राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन शामिल होगा, जिसमें असंगठित क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, कार्यस्थल सुरक्षा पर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और बहुपक्षीय संस्थानों के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 29 अगस्त 2024 को शी-बॉक्स पोर्टल को एक सुरक्षित, उपयोगकर्ता के अनुकूल, बहुभाषी एकल-खिड़की प्लेटफॉर्म के रूप में शुभारंभ किया, जिसमें सख्त गोपनीयता बरती जाती है। यह ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने संबंधित आंतरिक या स्थानीय समिति को स्वचालित रूप से अग्रेषित करने और वास्तविक समय में ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाया जा सके और हितधारकों को पोश अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता मिल सके। यह पोर्टल एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करता है और कार्यस्थलों को समिति के विवरण, वार्षिक रिपोर्ट और जागरूकता एवं प्रशिक्षण पहलों सहित अनुपालन संबंधी जानकारी अपलोड करने में सक्षम बनाता है।

# दिनदहाड़े 60 लाख की लूट का खुलासा, सात बदमाश गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सराय रोहिल्ला थाना पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने दिनदहाड़े 60 लाख रुपये की लूट का पर्दाफाश करते हुए सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 28,12,800 रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी और होंडा सिटी कार बरामद की है। पुलिस ने खुलासा किया है कि शिकायतकर्ता की फर्म का एक कर्मचारी ही इस लूट का मास्टरमाइंड निकला। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने शुक्रवार को बताया कि 7 जनवरी को सराय रोहिल्ला थाने में पीसीआर कॉल के जरिए लूट की सूचना मिली। शिकायतकर्ता संदीप स्वामी ने बताया कि वह करोल बाग स्थित मोबाइल एक्सेसरीज़ की दुकान में काम करता है और पार्टियों से नकदी लेकर ऑफिस में जमा करता है। शिकायतकर्ता ने आगे पुलिस को बताया कि उसी दिन वह अपने सहकर्मी शिवा के साथ रोहिणी सेक्टर-8 से 60 लाख रुपये नकद लेकर टीवीएस वेगो स्कूटी से करोल बाग जा रहा था। दोपहर करीब 1:45 बजे सुभद्रा कॉलोनी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय के सामने काले रंग की बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें रोका और पिस्तौल के बल पर 60 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में गठित संयुक्त टीम ने रोहिणी से लेकर घटनास्थल तक लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। 50 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की गई। कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर शिकायतकर्ता के कर्मचारी शिवा पर शक गहराया। सख्ती से पूछताछ में शिवा ने कबूल किया कि उसने अपने पड़ोसी और कुख्यात अपराधियों को नकदी की सूचना दी थी। उसकी निशानदेही पर 11 जनवरी को राजीव और करण को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के अन्य सदस्य दिल्ली-एनसीआर में कई मामलों में घोषित अपराधी हैं। गुप्त सूचना पर 27/28 जनवरी की रात हिंदूराव अस्पताल के पास से चार आरोपित करनैल सिंह, राहुल उर्फ छोटू पहाड़ी, रोहित उर्फ सनी उर्फ कैंची और नदीम उर्फ कल्लू को होंडा सिटी कार सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से कुल 28,12,800 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, नदीम ने वारदात के लिए पिस्टल और बाइक उपलब्ध कराई थी। लूट के बाद करनैल सिंह ने रकम सभी आरोपितों में बांटी थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह करोल बाग इलाके में दो करोड़ रुपये की एक और लूट की योजना बना रहा था। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर वारदात को विफल कर दिया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपित उत्तरी जिले के गुलाबी बाग थाने के घोषित बदमाश (बीसी) हैं और इनके खिलाफ झपटमारी, सशस्त्र लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं। कुछ आरोपियों पर मकोका के तहत भी केस दर्ज हैं।

## रेखा गुप्ता ने केरल के भाजपा पार्षदों से किया संवाद, बोलीं- राज्य में परिवर्तन की आहट




लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय कार्यालय में केरल से आए 115 पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को संवाद किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरुवनंतपुरम के महापौर वीवी राजेश के साथ आए इन जनप्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना और सुशासन की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने कहा कि केरल में इतनी बड़ी संख्या में भाजपा पार्षदों का चुनकर आना परिवर्तन की आहट है। यह उस नई सुबह का आगमन है जो केरल में एक बड़ा बदलाव लाएगी। केरल वर्षों से ऐसी स्थिति में फंसा हुआ था जिसमें न कोई विकास था, न जनता के लिए कोई अवसर और हिंसक राजनीति से पिछड़ता रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नई सुबह के साथ, विकसित और सुरक्षित केरल होगा। विकसित भारत के साथ, विकसित केरल बनेगा और आने वाले समय में भाजपा एक बड़ी भूमिका में दिखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की विचारधारा और विकसित केरल के संकल्प के साथ हमारे ये निष्ठावान कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ संकल्पित हैं। इस अवसर पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल भी उपस्थित रहे।

## आर्यकुल कॉलेज में विश्व रेडियो दिवस का आयोजन

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ।** लखनऊ के बिजनौर में स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस 2026 के अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा रेडियो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज में बीजेएमसी (BJMC) और एमजेएमसी (MJMC) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व रेडियो दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। इस वर्ष की थीम "एआई और रेडियो" रही, जिसके अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के बढ़ते प्रभाव और रेडियो माध्यम के बदलते स्वरूप पर विशेष चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को ने रेडियो के महत्व को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2012 से विश्व रेडियो दिवस मनाने की शुरुआत की थी। क्विज प्रतियोगिता में रेडियो प्रसारण की मूल अवधारणाओं, आकाशवाणी की भूमिका, एफएम चैनलों के विस्तार, सामुदायिक रेडियो की उपयोगिता तथा एआई आधारित कंटेंट निर्माण से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सशक्त सिंह, डीन एकेडमिक्स रुचि सिंह, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शुक्ला, एकेडमिक इंचार्ज डॉ. रेखा सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, डॉ. गौरव मिश्रा तथा वत्सल श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। डायरेक्टर डॉ. सशक्त सिंह ने अपने संबोधन में "एआई और रेडियो" थीम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समावेश से रेडियो माध्यम अधिक प्रभावी, विश्लेषणात्मक और श्रोता-केंद्रित बनता जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचारों को अपनाने और मीडिया के क्षेत्र में रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान बीजेएमसी छठवें सेमेस्टर के अनुराग राय, द्वितीय स्थान बीजेएमसी छठवें सेमेस्टर के विनय कुमार तथा तृतीय स्थान बीजेएमसी सेकंड सेमेस्टर की आंचल यादव को प्राप्त हुआ। विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया।

## नेशनल अर्बन रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में राजस्थान की अफोर्डेबल हाउसिंग एवं स्किलिंग योजनाओं को मिली सराहना

» नेशनल अर्बन रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में जयपुर की शहरी मोबिलिटी और कॉरिडोर आधारित विकास रणनीति प्रस्तुत

लोकतंत्र की शान




**जयपुर।** नई दिल्ली में नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अर्बन रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में राजस्थान सरकार की अफोर्डेबल हाउसिंग, गुणवत्ता सुधार एवं स्किल विकास योजनाओं को व्यापक सराहना मिली। कॉन्क्लेव में राजस्थान आवास मंडल की आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, ने आवास निर्माण में गुणवत्ता, समयबद्ध डिलीवरी और श्रमिक प्रशिक्षण को प्राथमिकता बताते हुए बोर्ड की प्रमुख पहलों को रेखांकित किया, जबकि सतत विकास सत्र में जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव निशांत जैन ने ट्रांजिट आधारित शहरी विकास को आने वाले समय का निर्णायक मॉडल बताया। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की कमिश्नर डॉ० रश्मि शर्मा, ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस कॉन्क्लेव में हिस्सा बनकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। राजस्थान आवास मंडल, जो एक ऑटोनोमस संस्थान है, ने विगत वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं और अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य के अफोर्डेबल हाउसिंग सेक्टर में मंडल ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। हम न केवल विभिन्न आय वर्गों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास विकसित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से लोगों तक पहुँचाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। यह जानकर प्रसन्नता होती है कि हमने नए रिक्रूट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं और मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने भी स्किलिंग को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिए हैं, स्किलिंग हर स्तर पर आवश्यक है। क्वालिटी चेक्स हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें इस पर गर्व है। हमने अपने पेमेंट सिस्टम को भी क्वालिटी से लिंक किया है, ताकि उच्च मानकों को सुनिश्चित किया जा सके। एक ऑटोनोमस बॉडी होने के नाते हम चाहते हैं कि लोगों का हम पर विश्वास सदैव बना रहे। हमारा उद्देश्य सिर्फ मकान बनाना नहीं, बल्कि लोगों के सपनों का घर बनाना है।

## अस्लम हत्याकांड का खुलासाः असद गैंग के तीन शार्प शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मेरठ के चर्चित अस्लम हत्याकांड का खुलासा करते हुए असद गैंग के तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपितों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में तीनों के पैर में गोली लगी। उनके कब्जे से तीन पिस्टल और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को 13 फरवरी को सूचना मिली थी कि मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई हत्या के वांछित आरोपित दिल्ली में छिपे हैं। सूचना के आधार पर वजीराबाद से उस्मानपुर (यमुना खादर रोड) जाने वाले पुराने मार्ग पर मेट्रो पिलर नंबर पी-187 के पास रात करीब 2:05 बजे जाल बिछाया गया। रात के समय सफेद रंग की मोटरसाइकिल पर आए तीन युवकों को रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों आरोपितों के पैर में गोली लगी। बाद में उन्हें काबू कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान असद (36), आमिर उर्फ हुसैन (24) और आहिल उर्फ जाव्वाद (22) के रूप में हुई है। तीनों मेरठ उप्र के रहने वाले है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि 6 फरवरी 2026 को नौचंदी थाना क्षेत्र में 10-11 हथियारबंद बदमाशों ने अस्लम की गोली मारकर हत्या कर दी थी और शुएब नामक युवक को घायल कर दिया था। यह वारदात मेरठ में चल रही गैंगवार का नतीजा थी। जून 2024 में अरशद नामक युवक की हत्या हुई थी, जो सलमान गैंग से जुड़ा था। इसके बाद सरिक गैंग से जुड़े लोगों ने बदला लेने की कसम खाई थी।

## कांग्रेस ने कुख्यात यौन अपराधी एपस्टीन के साथ संबंधों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के झूठ का किया पर्दाफाश, मांगा इस्तीफा

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संपर्क के खुलासों के बाद उन्हें नैतिक आधार पर पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है और प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन एवं प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स को लेकर सात देशों के नेता इस्तीफे दे चुके हैं। उन्होंने दुख जताया कि फाइल्स में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का भी नाम है। खेड़ा ने कहा कि हरदीप सिंह पुरी ने एपस्टीन फाइल्स में अपना नाम आने को लेकर कुछ इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने जमकर झूठ बोला। उन्होंने पुरी के इस दावे पर हैरानी जताई कि एपस्टीन से पहली बार मिलने जाते समय उन्हें पता ही नहीं था कि वे कहां जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें कहा गया था कि ड्राइवर उन्हें छोड़ देगा। खेड़ा ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि ऐसी बात वह कह रहे हैं, जो अमेरिका में राजदूत रह चुके हैं। उन्होंने पुरी के असहज होने और एपस्टीन के बारे में गूगल करने के दावे पर कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि क्या वे बच्चे थे? कांग्रेस नेता ने एपस्टीन फाइल्स से सामने आई ईमेल्स का हवाला देते हुए इस दावे को भी झूठ बताया कि पुरी ने एपस्टीन से कभी अपॉइंटमेंट नहीं मांगा और उन दोनों के बीच केवल तीन-चार मुलाकातें हुईं। उन्होंने कहा कि 2014-2016 के बीच, जब पुरी एक सेवानिवृत्त राजनयिक थे और कोई आधिकारिक पद नहीं था, तब वे एपस्टीन से मिलते और ईमेल करते रहे। उन्होंने सीधा सवाल किया, "पुरी किसके आदेश या निर्देश पर एपस्टीन से मिल रहे थे?" डिजिटल इंडिया का जिक्र करते हुए खेड़ा ने कहा कि एपस्टीन को नवंबर 2014 में भेजे गए ईमेल में इसका उल्लेख है, जबकि इसकी आधिकारिक घोषणा जुलाई 2015 में हुई। उन्होंने पूछा कि यह जानकारी पुरी को कहां से मिली। उन्होंने कहा, "यदि पुरी स्वयं इस्तीफा नहीं देते तो प्रधानमंत्री को उनसे इस्तीफा लेना चाहिए, वरना संदेह और गहराएगा।" उन्होंने बताया कि 2017 में भी पुरी एपस्टीन को मेल भेज रहे थे, जब वह भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित थिंक टैंक 'रिसर्च एंड इन्फ़ॉर्मेशन सिस्टम फ़ॉर डेवलपिंग कंट्रीज़' के अध्यक्ष थे। खेड़ा ने कहा कि इस मुद्दे को देशभर में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, "हम इस मामले को देश के कोने-कोने तक ले जाएंगे।" उन्होंने कटाक्ष किया कि जो सफर 'हर-हर मोदी' से शुरू हुआ था और 'घर-घर मोदी' तक पहुँचा, वह अब 'थर-थर मोदी' पर आकर टिक गया है।

## India SME Forum and UNIDO Host World Futures Forum : 11th -12th February 2026

lks







**New Delhi, India** –The World Futures Forum, themed "The Future of Industry, Enterprise and Livelihoods in the Global South," successfully concluded its first day on February 11, 2026,in New Delhi. Curated & organised by India SME Forum in collaboration with United Nations Industrial Development Oraganization, this 2-day high-level event served as a key precursor to the AI Impact Summit, an initiative of the Ministry of Electronics and Information Technology. Mr Vinod Kumar, President, India SME Forum, said, "We have had a wonderful two days where much was discussed across geographies and varied subjects. At the end, it comes down to sustainable livelihoods with the right to earn for MSMEs. We hope to take this discussion and outcomes to every country in the world in supporting MSMEs for a sustainable future" Ms Sushma Morthania, Director General, India SME Forum, extended her gratitude to all present stakeholders and attendees and said, "My heart is filled with gratitude and happiness at the wonderful closure of WFF over these two days. I sincerely thank the entire UNIDO and India SME Forum teams for making this event a huge success. We have miles to go, with the development of AIM Global Chapters across India and significant cluster development initiatives ahead of us." The World Futures Forum has reinforced India's pivotal role in AI-driven industrial transformation, paving the way for the AI Impact Summit and ongoing collaborations to empower enterprises and livelihoods worldwide.

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 16,000 लोगों को मिलेगा रोजगार

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता विकास को नई गति देने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 800 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जिसके माध्यम से राज्य में 16,000 लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही विभाग की पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो प्रदेश की स्थापित इकाइयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर उनके संचालन और विस्तार में सहयोग प्रदान करेगा।

**मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 800 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य**-खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर उद्यमों की स्थापना करने में सहयोग प्रदान करना है। योजना के तहत विभाग वर्ष 2026-27 में 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से लगभग 16,000 रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री रोजगार योजना विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को लघु उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से सब्सिडी आधारित ऋण उपलब्ध करवाती है। साथ ही विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य जरूरी सहयोग प्रदान करता है। इससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ उनका पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी।

### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**लोकतंत्र की शान : गोंडा।** जिले में सड़कों पर बेलगाम रफ्तार अब आम नागरिकों की जान पर भारी पड़ रही है, लेकिन सवाल यह है कि प्रशासन आखिर कब जागेगा? इसी क्रम में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। गोंडा–लखनऊ रोड पर कासिमपुर भट्टे के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित वीरेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 6 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 1:45 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रघ्घापुरवा निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह का छोटा भाई मानवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मन्नू अपने मित्र आशीष मिश्रा के साथ बाइक संख्या UP-43 BM-9726 से ग्राम हरियागाड़ा अपनी बहन से मिलकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान कोंचा कासिमपुर भट्टे के पास पीछे से आए डंपर संख्या UP-53 T-6977 (टाटा) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मानवेंद्र प्रताप सिंह और उनके मित्र आशीष मिश्रा को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज जारी है। पीड़ित वीरेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 281, 125(ए), 125(बी) तथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 184 में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल दोनों वाहन पुलिस कब्जे में हैं और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आई अज्ञात महिला, शिनाख्त नहीं

**लोकतंत्र की शान : बिजनौर।** चांदपुर-गजरौला रेल मार्ग पर शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब बागडपुर और केलनपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग महिला का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पुलिस को जानकारी दी गई। प्रारंभिक आशंका है कि महिला की मौत ट्रेन की टक्कर से हुई है। जानकारी के अनुसार करीब 11 बजे नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के बाद ट्रैक पर महिला को पड़ा देखा गया। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधि चौधरी वीर सिंह भी पहुंचे और पुलिस की मदद से शव को पटरी से हटवाया गया, ताकि रेल यातायात प्रभावित न हो। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बबनपुरा चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से टकराने का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी के परिवार की बुजुर्ग महिला लापता हो तो थाने से संपर्क करें। अज्ञात महिला की पहचान को लेकर पुलिस आसपास के थानों में भी सूचना भेज रही है, ताकि जल्द से जल्द परिजनों तक खबर पहुंच सके।

### बीपीएल लीग में आज खेले जाएंगे दो सेमीफाइनल मुकाबले

**लोकतंत्र की शान : बांदा।** बीपीएल लीग में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। इसमें विजेता टीमों ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। सेमीफाइनल मैच में विजेता टीमें फाइनल मैच खेलेंगी। बांदा प्रीमियम लीग में आज के मैच पहले मैच में केन रोवर्स ने सजर किंग हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। मैन आफ द मैच क तौर पर स्वत ने बाजी मारी। दूसरे मैच में भूरागढ़ राइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 का टारगेट रखा, जिसके जवाब में रानगढ योनकर्श की पूरी टीम 107 रनों पर आल आउट हो गई इस तरह से भूरागढ़ राइडर ने इस मैच को 10 रनों से जीत लिया। भूरागढ़ राइडर की तरफ से मैन आफ द मैच अभिषेक यादव रहे।

# जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग की ट्राफी नारी वॉरियर ने कब्जाई

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा




**गजरौलाः** जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच नारी वॉरियर की टीम ने शक्ति स्कवॉड को आठ विकेट से हराकर ट्राफी जीत ली। विजेता टीम की शालिनी शर्मा को मैन ऑफ दि मैच, मैन ऑफ दि सिरीज एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के खिताब से नवाजा गया। शुक्रवार को जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी में स्थित क्रिकेट मैदान में जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया। शक्ति स्कवाड की टीम की कप्तान प्रिया प्रताप ने टॉस जीतकर पहले मैदान में उतरने का फैसला लिया। इस टीम के सभी खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में 55 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी अंजू राठी के नेतृत्व वाली नारी वॉरियर की टीम आते ही मैदान में छा गई। धुआंधार बैटिंग की बदौलत इस टीम ने 11 ओवर में ही आठ विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम की शालिनी शर्मा ने सर्वाधिक 23, चंचल ने आठ, रीता परिहार ने सात, नम्रता ने तीन और प्रीति ने एक रन का योगदान दिया। बेस्ट बॉलर स्वाति मरेठिया, बेस्ट कीपर वैष्णवी द्वेदी, बेस्ट फील्डर अंशिका, कैच ऑफ दि मैच अनामिका, हाइएस्ट सिक्सर का अवार्ड रीता परिहार को मिला। मुख्य अतिथि एचआर हेड पुनीत तिवारी एवं रितु तिवारी ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर कपिल जोशी, मैच के स्कोरर आशु वर्मा, महेश कुमार, एंपायर विष्णु राणा, संजय सिंह, सुनील तिवारी, ऊषा वर्मा, अर्चना पांडेय, वंदना सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## हसनपुर नगर पालिका कार्यालय का जिला अधिकारी ने किया निरीक्षण

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर :** शुक्रवार को जिलाधिकारी द्वारा हसनपुर नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा कर बसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, बताते चलें कि जिलाधिकारी ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने सभी पटलों पर पत्रावलियों को देखा संपत्ति कर, जन्म प्रमाण पत्र एवं निर्माण विभाग में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए, शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स पालिका कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची इस दौरान अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया, निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कर विभाग, निर्माण विभाग, जन्म मृत्यु विभाग, जलकर विभाग सहित सरकारी योजनाओं को चेक किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारियों को कर वसूली करने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए साथ ही



सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी ने सम्मानित भी किया, वहीं जिलाधिकारी द्वारा सभागार कक्ष का लोकार्पण भी किया गया इस दौरान अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, बाबू दिनेश कुमार, करन सिंह, रितेश कुमार, मोहम्मद अहमद, मनी कुमार सहित नगर पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## विधायक ने कैंप कार्यालय पर शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर :** शुक्रवार को भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने शाहपुर कला स्थित अपने कैंप कार्यालय पर शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसका विधि विधान के अनुसार पूजन अर्चना के बाद शुभारंभ कर दिया गया, वहीं विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की एवं शिव भक्तों को अपने हाथों से जलपान कराया, बता ते चले कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने अपने कैंप कार्यालय पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया है जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त भोजन ग्रहण कर रहे हैं, भंडारे के दौरान शिव भक्तों की सेवा के लिए विशेष व्यवस्था की गई हैं, वही विधायक और उनके समर्थकों ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की, इस दौरान पूरा मार्ग हर हर महादेव की जय घोष से गूंज उठा वहीं शिव भक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते और झूमते नजर आए इस संबंध में विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना ही सच्ची पूजा है उन्होंने कहा कि यह परंपरा आगामी वर्षों में भी इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी रखी जाएगी इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, देवेंद्र खड़कवंशी, अजय पाल, संजय राणा, नंदन राणा आदि सहित भाई संख्या में लोग मौजूद रहे।

## यूपी की नयी पहचान ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन : मुख्यमंत्री

लोक तंत्र की शान



**लखनऊ।** राज्यपाल के अभिभाषण पर शुक्रवार को विधानसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश अब भय का नहीं, विश्वास और विकास का प्रदेश है। अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि मानसिकता और नीतिगत प्रतिबद्धता का परिणाम है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

**विपक्ष का आचरण संवैधानिक प्रमुख और मातृशक्ति का अपमान**-मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष की शुरुआत में राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का आधिकारिक दस्तावेज होता है। इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों का सदन में आचरण अनुचित था। नेता प्रतिपक्ष पर सवाल खड़े हुए करते हुए सीएम ने कहा कि संभवतः इसीलिए आप सदन में उपस्थित नहीं हुए, क्योंकि समाजवादी पार्टी के सदस्य आपके नियंत्रण से बाहर रहे होंगे। यही वह आचरण था, जिससे बिटिया घबराती थी और व्यापारी कारोबार समेटता था। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए गालिब का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गालिब ने कहा था 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' समाजवादी पार्टी के और मुख्य विपक्षी दलों के इस आचरण के कारण पूरा सदन अपने आप को आहत महसूस कर रहा था।

# हसनपुर में व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा भंडारों में शिव भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** शुक्रवार को हसनपुर नगर भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठा चारों ओर भोले बाबा के जयकारे सुनाई दे रहे थे, नगर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन महा शिवरात्रि के अवसर पर व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा शिव भक्तों के ठहराव एवं जलपान के लिए भंडारों का आयोजन किया गया है जिसमें विशेष व्यवस्था की गई है, बताते चले कि नगर के ब्लॉक तिराहा पर गुड़ गला व्यापार मंडल के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस संबंध में भंडारे के संयोजक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि विगत कई वर्षों से इस भंडारे का आयोजन होता रहा है भंडारे में शिव भक्तों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है तथा विश्राम के लिए भी व्यवस्था सर्वोत्तम है, वहीं भक्तों के मनोरंजन के लिए बाहर से आए कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों पर प्रस्तुति दी जा रही है, अंकुर अग्रवाल ने बताया कि भंडारे में शिव भक्तों के साथ-साथ नगर के श्रद्धालु भी भोजन ग्रहण कर रहे हैं और कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुति को देखकर मंत्र मुग्ध हो रहे हैं वहीं उन्होंने बताया कि शनिवार की रात्रि को भंडारे का समापन हो जाएगा, उधर नगर के अंबेडकर पार्क पर नागरिकों द्वारा तथा नगर के पुराना तहसील पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, राहुल हिंदुस्तानी, मनोज कुमार, अमित शर्मा एवं आसपास के व्यापारियों का विशेष सहयोग मिल रहा है, साथ ही नगर के शिवाजी मार्ग पर संदीप मेडिकल के निकट भंडारे का आयोजन चल रहा है एवं नगर के रहरा अड्डे पर भी स्थानीय व्यापारियों द्वारा भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं शिव भक्त कावड़िये प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, उधर सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ व्यवस्था बनाए हुए हैं तथा नगर पालिका द्वारा पूरे नगर में विशेष सफाई व्यवस्था एवं चूने का छिड़काव कराया जा रहा है।

## हजरतनगरगढ़ी में महिला थाना टीम की पहल, सुरक्षा और अधिकारों पर जागरूकता

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी

**संभल/सिरसी** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5 अभियान के अंतर्गत हजरतनगरगढ़ी चौराहे पर महिला थाना पुलिस टीम ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा कानूनों, सहायता सेवाओं तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। पुलिस टीम ने बताया कि मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी बरतना आवश्यक है तथा किसी भी अनजान व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 तथा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की शिकायत



तुरंत दर्ज कराई जा सकती है और शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि मिशन शक्ति-5 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने इस पहल की सराहना की।

## इबादतगाह पर खून-खराबाः इस्लामाबाद हमले पर सिरसी जामा मस्जिद में रोष, यूएन में मुद्दा उठाने की मांग

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी






**सम्भल /सिरसी** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शिया समुदाय की मस्जिद में जुमा की नमाज़ के दौरान हुए भीषण आत्मघाती आतंकी हमले में 70 से अधिक बेगुनाह लोगों की मौत और 200 से ज़्यादा लोगों के घायल होने की खबर से गहरा दुःख और आक्रोश व्याप्त है। इबादत के पवित्र समय में किया गया यह हमला मानवता को झकझोर देने वाला बताया जा रहा है। नमाज़-ए-जुमा के दौरान खुत्बा देते हुए इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद हसीन अख्तर ज़ैदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मस्जिद में सज्दा कर रहे बेगुनाह नमाज़ियों को निशाना बनाना कायराना और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने अपने खुत्बा में कहा कि आतंकवाद पूरी इंसानियत के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। मौलाना ने मांग की कि भारत सरकार शिया मुसलमानों की सुरक्षा का मुद्दा वैश्विक मंच पर उठाए और इसे United Nations (यूएन) में रखा जाए, ताकि आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निर्णायक कदम उठाए जा सकें। मौलाना ज़ैदी ने शहीदों के लिए दुआ-ए-मग़फिरत और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सिरसी जामा मस्जिद के मुतवल्ली चौधरी सीरत उरुज ने इस घटना को मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध बताते हुए कहा कि इबादतगाहों पर हमले किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मस्जिद परिसर में नमाज़ के बाद शोक और रोष का माहौल रहा तथा अमन, भाईचारे और इंसानियत की हिफाजत के लिए सामूहिक दुआ की गई।

## जगमग हुए प्रदेश के सभी गांव, उद्यमों ने पकड़ी रफ्तार

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले बिजली की किल्लत से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के गांव अब जगमगा रहे हैं। योगी सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण को विकास की बुनियाद बनाया और योजनाबद्ध तरीके से हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया है। घर-घर बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में बिजली क्षेत्र को 65,926 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पारेषण और वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया है। जर्जर लाइनों को बदला गया और नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके बाद 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना' के जरिए लाखों परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए गए। इससे ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदलती दिख रही है। अब गांवों में न केवल घरेलू रोशनी बल्कि कृषि और लघु उद्योगों को भी निर्बाध बिजली मिल रही है। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना के अंतर्गत गांवों में वितरण तंत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है। पुराने कंडक्टर बदले जा रहे हैं, लो टेंशन एबी केबल बिछाई जा रही हैं और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। स्मार्ट मीटरिंग को भी तेजी से लागू किया जा रहा है जिससे कि बिजली चोरी पर अंकुश लगे और आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर हो। इन कदमों से ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या में कमी आई है और उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही है। ग्रामीण विद्युतीकरण का सीधा लाभ खेती और स्वरोजगार के क्षेत्र में मिल रहा है। सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बेहतर होने से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। डेयरी, कोल्ड स्टोरेज, आटा चक्की, वेल्डिंग और अन्य छोटे व्यवसायों को निरंतर बिजली मिलने से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार देखा जा रहा है, क्योंकि विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों को अब बिजली की कमी से जूझना नहीं पड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सबका साथ सबका विकास की अवधारणा तभी साकार होगी जब गांव मजबूत होंगे। ग्रामीण उत्तर प्रदेश को ऊर्जा संपन्न बनाकर सरकार ने विकास की नई आधारशिला रखी है। विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बिजली ढांचा प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकाल में और अधिक सशक्त करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना के दीघा गोलंबर के पास बनेगा वेंडिंग जोन, जेपी गंगा पथ की दुकानों को किया जाएगा शिफ्ट

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पटना के जेपी गंगा पथ पर मौजूद दुकानों को व्यवस्थित करने के लिए दीघा गोलंबर के पास करीब 55 हजार वर्ग फुट में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन को मिट्टी भरकर समतल किया जाएगा। यहां ब्यूटिफिकेशन के बाद वेंडरों को शिफ्ट कराया जाएगा। इसके साथ ही फुट ओवरब्रिज, पार्किंग, शौचालय, पेयजल, लाइटिंग सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। अवैध रूप से सड़क किनारे दुकान लगाने के बजाय यह व्यवस्था वेंडरों के लिए सुरक्षित और बेहतर विकल्प साबित होगी। दीघा गोलंबर के पास रेलवे ब्रिज के किनारे खाली जमीन पर फिलहाल अवैध अतिक्रमण है। इसे हटाकर एरिया को साफ किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जेपी गंगा पथ पर लग रही दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही थीं। उन्हें यहां व्यवस्थित तरीके से बसाया जाएगा। गंगा पथ पर सड़क किनारे वाहन खड़े होने से अक्सर जाम की समस्या रहती थी। पार्किंग बनने से इस समस्या से राहत मिलेगी। दूसरी ओर मरीन ड्राइव दुकानदार संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं। फिलहाल वे गंगा किनारे अस्थायी रूप से दुकान लगा रहे हैं, लेकिन वहां कस्टमर नहीं पहुंच रहे हैं। पटना नगर निगम की ओर से शहर में करीब तीन दर्जन वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। इसका मकसद सड़कों को खाली कर वेंडरों को एक जगह व्यवस्थित करना है। इनमें से पांच वेंडिंग जोन को अतिक्रमण मुक्त कर जमीन को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के विभिन्न अंचलों में जरूरत के अनुसार 32 नए वेंडिंग जोन भी बनाए जा रहे हैं।




### वैलेंटाइन डे से पहले पटना में दिखे 'बाबू-सोना' पोस्टर, हिंदू शिवभवानी सेना के नाम से लगे होर्डिंग

**लोकतंत्र की शान : पटना।** वैलेंटाइन डे से ठीक पहले पटना में "बाबू-सोना" धमकी वाले पोस्टर देखने को मिल रहे हैं। इन पोस्टरों में लिखा है कि 'जहां मिलेंगे बाबू-सोना, तोड़ देंगे कोना कोना।' इसके अलावा पोस्टर में आगे लिखा है- 'वेलेटाइन डें इसदिन बाबू सोना नहीं, पुलवामा के शहीदों को नमन दिवस।' शहर के कई इलाकों में लगाए गए धमकी वाले इन पोस्टरों के सामने आने के बाद माहौल गरमा गया है। पटना पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या लोगों को डराने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पोस्टर हिंदू शिवभवानी सेना के नाम से लगाए गए हैं। पोस्टर में दावा किया गया है कि वैलेंटाइन डे और वैलेंटाइन वीक भारतीय संस्कृति के खिलाफ है। इससे समाज में अश्लीलता बढ़ती है।

पोस्टर में यह भी लिखा गया है कि 14 फरवरी को अगर कोई "बाबू-सोना" जैसे दिखावटी नामों का इस्तेमाल कर सार्वजनिक जगहों पर अश्लील हरकत करता पाया गया तो संगठन सामाजिक और नैतिक रूप से इसका विरोध करेगा।




### पटना वीमेंस कॉलेज में 35 छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल, 24 फरवरी को दीक्षांत समारोह

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज में 24 फरवरी को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में 35 छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेगा। कॉलेज के वेरोनिका ऑडिटोरियम में सुबह 11:30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। इस आयोजन में 2025 में पास होने वालीं स्नातक, बीएड और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों की छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी, जिसमें 1089 छात्राएं शामिल होंगी। सुरक्षा और अनुशासन के मद्देनजर ऑडिटोरियम के अंदर मोबाइल, खाने-पीने की वस्तुएं और पानी की बोतल ले जाना पूरी तरह मना है। इस दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भी लागू किए गए हैं। छात्राओं को लाल या सुनहरी बॉर्डर वाली सफेद या ऑफ-व्हाइट साड़ी/सलवार सूट पहनकर आना होगा। इस दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली सभी छात्राओं को अपनी भुगतान रसीद साथ लाना अनिवार्य है। समारोह वाले दिन ही सुबह 9 से 10 बजे के बीच अंगवस्त्र का वितरण ऑडिटोरियम के बाहर बने काउंटरों से किया जाएगा। हर एक छात्रा के साथ केवल एक अभिभावक को शामिल होने की अनुमति दी गयी है, जिन्हें सुबह 10:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करना होगा।




### बिहार में मौसम का दोहरा मिजाज, सुबह-शाम ठंड, दिन में धूप रहेगी, 10 डिग्री के आसपास न्यूनतम तापमान



**लोकतंत्र की शान : पटना।** बिहार में सुबह और देर शाम कोहरा छाया रह सकता है। वहीं, दिन में तेज धूप निकलेगी। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव होने की संभावना नहीं है। फिलहाल राज्य में न्यूनतम तापमान करीब 8 से 16 डिग्री और अधिकतम तापमान लगभग 28 से 32 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों मौसम "दोहरे मिजाज" वाला है, यानी सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में तेज धूप देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटे में प्रदेश का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहा है। वहीं, एक-दो जिलों में सुबह-शाम कोहरा छाया रहा। हालांकि पटना में मौसम साफ रहा। दिन में धूप निकली फिर शाम हल्की ठंडी रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में यह स्थिति पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं और साफ आसमान की वजह से बनती है। रात में तापमान गिरता है और नमी के कारण सुबह कोहरा बनता है। कई जगहों पर ठंडी हवाएं और पहले हुई हल्की बारिश भी तापमान को संतुलित बनाए रखती है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर बिहार में सुबह के समय कोहरा ज्यादा रहता है और दिन में धूप निकलने से तापमान धीरे-धीरे बढ़ जाता है।

**कब तक रहेगा ऐसा मौसमः** मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान में बहुत बड़ा बदलाव नहीं होगा। धीरे-धीरे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन सुबह में कोहरा फिलहाल बना रह सकता है। कई इलाकों में सुबह कोहरा और दिन में साफ मौसम का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय राज्य में ठंड की तीव्रता कम हो रही है और मौसम स्थिर हो रहा है। ठंडी हवा और नमी की वजह से सुबह कोहरा बनता है, लेकिन दिन में धूप निकलने से ठंड ज्यादा नहीं बढ़ती। मौसम विभाग के मुताबिक अभी ठंड की लहर या गंभीर मौसम की स्थिति बनने के संकेत नहीं हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह मौसम गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलों के लिए सामान्य माना जाता है। सुबह हल्की नमी फसलों के लिए फायदेमंद होती है, लेकिन ज्यादा कोहरा या पाला पड़ने की स्थिति नहीं होने से नुकसान की आशंका कम रहती है। अगर दिन में धूप निकलती रहती है तो फसलों की ग्रोथ बेहतर होती है।

# अवैध पशु तस्करी पर नकेलः25 मवेशी के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान,सुमन सिंह कटियार



**कटिहारः** कटिहार पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के खिलाफ चलाए गए एक विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सालमारी थाना पुलिस ने एक ट्रक से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 25 मवेशियों को बचाया और इस मामले में चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध पशु तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सालमारी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में क्रूरतापूर्वक पशुधन का अवैध परिवहन करते हुए सोहरागाछी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष ने सोहरागाछी के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान एक ट्रक पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान सिवान जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र निवासी सुनील यादव 35 वर्ष दरौंदा थाना क्षेत्र निवासी मुन्ना यादव 25 वर्ष सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र निवासी पप्पू कुमार यादव 26 वर्ष और सिवान जिले के हसनपुरा थाना क्षेत्र निवासी लालवचन यादव 50 वर्ष के रूप में हुई है। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 25 मवेशियों को अमानवीय तरीके से ले जाया जा रहा था, जिन्हें सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने चारों पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## हसनगंज में महाशिवरात्रि पर हुई शांति समिति की बैठक




लोकतंत्र की शान ,सुमन सिंह कटियार

**कटिहारः** हसनगंज थाना के प्रांगण में शुक्रवार को महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर महाशिवरात्रि के पर्व को शांति, सौहार्द और आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। राजस्व अधिकारी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक की गई है।उन्होंने यह भी कहा कि पर्व के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएंगे, जिसके लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी और पुलिस प्रशासन विशेष चौकसी बरतेगा।

## अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाईः10.000 लीटर चुलाई शराब ओर 31.800 लीटर विदेशी शराब जप्त दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , सुमन सिंह कटिहार



**कटिहारः** कटिहार जिले में अवैध शराब के खिलाफ की गई दो महत्वपूर्ण कार्रवाई मे शराब माफियाओं के हौसले पस्त कर दिए हैं। कटिहार मद्य निषेध टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी चौकसी बढ़ा दी है, बीती रात टीम ने कदवा थाना क्षेत्र के बाधवा बाड़ी पुल पर एक टोटो गाड़ी की तलाशी ली। इस दौरान उन्हें भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब मिली। टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुल 10,000 लीटर चुलाई शराब जब्त की। इस मामले में कदवा थाना के कुम्हरी गांव के रहनेवाले दो अभियुक्त मनोज कुमार मंडल और रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी और मद्य निषेध टीम की एक और टीम ने कटिहार जंक्शन पर एक बड़ी सफलता हासिल की। प्लेटफॉर्म नंबर 07 पर खड़ी ट्रेन संख्या 55707 के जेनरल बोगी से 31.800 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की गई। हालांकि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, लेकिन एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।इन दोनों कार्रवाइयों से यह स्पष्ट होता है कि कटिहार में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

## इंस्टाग्राम में हुआ लवःदूल्हे के लिवाज में बारात लेकर पहुंचा प्रेमीःमंडप की जगह पहुंचा जेल

लोकतंत्र की शान ,सुमन सिंह कटिहार



**कटिहारः** से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां समस्तीपुर के रहने वाले निकेश झा और कटिहार के मनिहारी की एक युवती की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई. बातचीत बढ़ी, दोस्ती हुई और देखते ही देखते दोस्ती प्यार में बदल गई। रिलेशन में आने के बाद दोनों के बीच कई निजी तस्वीरें और वीडियो भी साझा हुए, जब युवक ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, तो उसने साफ इनकार कर दिया। युवती के 'ना' सुनते ही युवक ने कथित तौर पर उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो वायरल करने की धमकी दी और शादी का दबाव बनाने लगा. मामला तब और गंभीर हो गया, जब युवक शेरवानी पहनकर बारात के साथ सीधे कटिहार के सर्जवानिक दुर्गा मंदिर पहुंच गया, जहां उसने युवती से मिलने का बहाना बनाया था, लेकिन लड़की ने ऐन मौके पर शादी से इनकार कर दिया, और युवती ने घबराने की बजाय हिम्मत दिखाई और तुरंत नगर थाना पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर 'दूल्हा' बने निकेश झा को हिरासत में ले लिया। इस मामले पर कटिहार के एएसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि युवती की शिकायत पर आरोपी निकेश झा को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। यह घटना सोशल मीडिया पर बढ़ती दोस्ती और उसके नतीजों को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## मलाही पकड़ी स्टेशन डाउन-लाइन में टॉपरूफ बन रहा

लोकतंत्र की शान , पटना




♦ एंट्री गेट-1 पर पैनल ड्रेसिंग का चल रहा काम, खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक पर हो रही डी-शटरिंग

पटना मेट्रो के दो नए स्टेशनों को शुरू करने की कवायद की जा रही है। मलाही पकड़ी स्टेशन पर डाउन लाइन में टॉप रूफ का काम तेजी से चल रहा है। एंट्री गेट-1 पर स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कॉनकोर्स लेवल पैनल ड्रेसिंग का काम चल रहा है। वहीं, खेमनीचक मेट्रो स्टेशन कॉरिडोर-1 पर ट्रैक डी-शटरिंग का काम सुचारू रूप से चल रहा है, जो यह बताता है कि परिचालन के लिए स्टेशन का काम अब अंतिम चरण में है। होली बाद ये दोनों स्टेशन शुरू होने की उम्मीद है।

मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (CMRS) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, CMRS की टीम 25 से 28 फरवरी के बीच पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी।

# पटना में डॉक्टर का अपहरण, 70 लाख रुपये फिरौती मांगी, तीन किडनैपर गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , पटना



❑ **24 घंटे में एसआरटी टीम ने समस्तीपुर से किया बरामद**

पटना के फुलवारी शरीफ के जानीपुर से किडनैप एक डॉक्टर को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर समस्तीपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में तीन अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया है। यह अपहरण 70 लाख रुपये के लेनदेन विवाद को लेकर किया गया था। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने 70 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रकम न मिलने पर मनोज ने समस्तीपुर के अपराधियों को सुपारी देकर अपहरण की साजिश रची थी।

**घर आते समय रास्ते में किया किडनैपः** सिटी एसपी (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि, 10 फरवरी 2026 को डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी जानीपुर थाना क्षेत्र के आर्यभट्ट इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग और पारा मेडिकल कॉलेज, रामपुर से अपने राजीवनगर स्थित आवास लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से 70 लाख रुपये की फिरौती मांगी और पैसे न देने पर हत्या की धमकी दी थी।

**एसआरटी टीम ने समस्तीपुर से बरामद, 3 गिरफ्तारः** घटना के बाद परिजनों ने जानीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारीशरीफ-02 और जानीपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू किया। अपहृत डॉ. तिवारी को समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव से सुरक्षित बरामद कर लिया। इस दौरान समस्तीपुर निवासी रविन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार और मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**नौकरी दिलाने और परीक्षा पास कराने के नाम पर दिया था झांसाः** सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि, 'प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नौकरी दिलाने और परीक्षा पास कराने के नाम पर हुए पैसे के लेनदेन को लेकर अपहृत डॉक्टर और 'मनोज' नामक व्यक्ति के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते 70 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। रकम न मिलने पर मनोज ने समस्तीपुर के अपराधियों को सुपारी देकर अपहरण की साजिश रची थी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर इस मामले में संलिप्त अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।'

# साइको किलर भांजे ने मामा का बीच सड़क गला काटा

♦ **पटना में भाई की हत्या की कोशिश में जेल गया था,मां से कहा था-तुमको भी काट दूंगा**

लोकतंत्र की शान , पटना



पटना सिटी में दिनदहाड़े 26 साल के भांजे ने 62 साल के मामा का गला बीच सड़क पर धारदार हथियार से काट डाला, जिससे उनकी मौत हो गई। अयाज ने रईस के गले पर चापड़ (धारदार हथियार) से 23 सेकेंड में करीब 10 बार वार किया। बीच सड़क मर्डर का सीसीटीवी भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा कि अयाज अपने मामा पर ताबड़तोड़ धारदार हथियार से हमला कर रहा है। आसपास से लोग भी गुजर रहे थे, पर किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। सभी तमाशा देख रहे थे। हमले के बाद युवक ने अपने बाल ठीक किए। चाकू पर लगा खून छिटका और बड़े आराम से निकल गया।

मृतक की पहचान मोहम्मद रईस (62) के रूप में हुई है। अयाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रईस टेलर था, जबकि अयाज बेरोजगार था। घटना की सूचना मिलने के बाद चौक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है।

**10 कदम साथ चला, फिर गले पर पहला वारः** गुरुवार सुबह रईस करीब 10:45 बजे काम पर जाने के लिए पैदल ही बख्शी मोहल्ले के घर से निकले। उनके निकलने के कुछ देर बाद ही अयाज भी उनका पीछा करते निकला। हत्या करने की नीयत से चापड़ लेकर आता है। सीसीटीवी में उसके हाथ में चापड़ दिख रहा है। CCTV फुटेज में दिखता है कि अयाज पीछे से आता है और करीब 10 कदम उनके साथ चलता है। मोड़ पर पहुंचते ही वह आगे निकलता है और अचानक चापड़ से रईस के गले पर वार कर देता है।

पहले वार के बाद रईस सड़क किनारे एक पोल के पास गिर जाते हैं। इसके बाद अयाज 10 से ज्यादा बार वार करता है। पूरी घटना 23 सेकेंड में खत्म हो जाती है। हत्या के बाद आरोपी आराम से अपने बाल सेट करता है।

# बीएसएससी सेकेंड इंटर लेवल, सीजीएल-4 की तारीख जारी करने की मांग

### 25 अंक वेटेज पर छात्रों का विरोध, छात्र नेता बोले-जल्द मांग पूरी करें, नहीं तो होगा प्रदर्शन

लोकतंत्र की शान , पटना



बिहार में दूसरी इंटर स्तरीय भर्ती परीक्षा में देरी और 25 अंक वेटेज विवाद को लेकर अभ्यर्थियों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। अभ्यर्थियों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है। नई व्यवस्था के जरिए कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर अभ्यर्थी अब खुलकर सामने आ रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

**ढाई साल बाद भी परीक्षा तिथि नहीं:** अभ्यर्थियों का आरोप है कि लंबे समय से तैयारी कर रहे उम्मीदवार मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। अभ्यर्थियों का दावा है कि आंदोलन और दबाव के बाद ही भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ी और आखिरकार 2022 में नियुक्ति पूरी हो सकी। अब उम्मीदवारों को डर है कि दूसरी भर्ती भी उसी तरह लंबी खिंच सकती है।

**25 अंक अतिरिक्त वेटेज का मामला उठायाः** अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि Bihar Staff Selection Commission में संविदा कर्मियों को 25 अंक अतिरिक्त वेटेज देने की बात सामने आई है। उनका कहना है कि इससे सामान्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय होगा और भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर यह फैसला लागू होता है तो मेरिट सिस्टम कमजोर हो जाएगा। उम्मीदवारों ने सवाल उठाया कि जब UPSC और BPSC जैसी बड़ी परीक्षाओं में अनुभव के आधार पर अतिरिक्त अंक देने की व्यवस्था नहीं है, तो फिर इस भर्ती में ऐसा नियम क्यों बनाया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने इस मामले की जांच कराने की मांग की है।

**सीएम नीतीश से मामले में हस्तक्षेप करने की मांगः** अभ्यर्थियों ने सीएम नीतीश कुमार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को वेटेज वाला फैसला वापस लेना चाहिए और जल्द से जल्द परीक्षा तिथि घोषित करनी चाहिए ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है ।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु- एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज TVK चीफ विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सूरज की मौत हो गई। वह कई सालों से सलेम में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि सूरज की कुछ समय पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। इस घटना पर विपक्षी पार्टी अन्नद्रमुक ने तंज कसा। AIADMK प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा- ऐसा लगता है कि विजय की रैली में शामिल होना है तो लोगों को ताबूत साथ ले जाना चाहिए। कोवई सत्यन ने घाना के मशहूर डांसिंग पेलबियरर्स का वीडियो शेयर किया, जो ताबूत उठाकर खास अंदाज में नाचने के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं। पिछले साल 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली के दौरान भगदड़ मची थी। रैली में आई भीड़ अचानक बेकाबू हो गई थी जिसमे कुल 41 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।



### कन्फर्म हुआ- इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म, कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच

**ढाका।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डॉक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15% रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डॉक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डॉक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डॉक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी।



### महाशिवरात्रि पर्व के लिए पशुपतिनाथ में जुटने लगे भारत के नागा संन्यासी



**काठमांडू।** महाशिवरात्रि पर्व के नजदीक आते ही पड़ोसी देश भारत के विभिन्न हिस्सों से नागा संन्यासियों का काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। नागा बाबाओं के एक समूह ने शुक्रवार को पारंपरिक शोभायात्रा के साथ पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में गेट नंबर 1 से प्रवेश किया है। इन सभी नागा संन्यासियों का स्वागत पशुपति क्षेत्र विकास कोष के पदाधिकारियों ने किया। योगियों के चार संप्रदायों सन्यासी, वैष्णव, नानक और उदासी में नागा बाबा सन्यासी परंपरा से संबंधित होते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर इन चारों संप्रदायों के साधु-संतों का यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल पशुपतिनाथ मंदिर में एकत्र होना एक प्राचीन परंपरा है। पर्व के निकट आने के साथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाशिवरात्रि को ध्यान में रखते हुए तैयारियों और प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। इस वर्ष 15 लाख श्रद्धालुओं के पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने की संभावना है। मंदिर प्रशासन की तरफ से बताया गया है कि 14 फरवरी को देर रात 1 बजे से ही मंदिर के चारों कपाट खोल दिए जायेंगे, जो 15 फरवरी मध्यरात तक दर्शन के लिए खुले रहेंगे।

### क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र मिला एमबीए छात्रा का शव, इंदौर में 3 दिन से लापता थी

**इंदौर।** इंदौर में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव निर्वस्त्र हालत में उसके क्लासमेट के कमरे में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा तीन दिन से लापता थी। 10 फरवरी की रात कॉलेज के आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट हुआ था। इसमें युवक का चेहरा इमोजी से छिपा था, जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिख रहा है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए और उसके संपर्क में रहने वालों को भी भेजे। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना अंकल गली की है। सूचना मिलते FSL टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जिस कमरे से शव मिला है, वह उसके क्लासमेट मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया का है। जो उसने किराए से ले रखा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक संस्थान से एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से ही पीयूष लापता है। पुलिस के अनुसार, युवती 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड ठीक कराने की बात कहकर पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से उसने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है। रात 11 बजे तक लौट आएगी। बहन ने कहा कि वह यह बात खुद पिता को बता दे। इसके बाद युवती घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल भी बंद हो गया।

### उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10°C से नीचे, जम्मू-कश्मीर में मुगल रोड अब भी बंद

**भोपाल/देहरादून/जयपुर/रायपुर/शिमला।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30°C का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ 31°C रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30°C तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में आज गर्मी का अलर्ट है। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10°C से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश के सात शहरों में गुरुवार को पारा 5 डिग्री से कम रहा। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अभी हल्की बर्फबारी का दौर चल रहा है। बुधवार-गुरुवार को अनंतनाग में बर्फबारी हुई। कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जमी है, इसके कारण यह अभी भी बंद है।

# बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत

## तारिक रहमान का पीएम बनना तय, ममता बनर्जी ने भाई कहकर बधाई दी

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक BNP+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद BNP की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ BNP अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

**हिंदू-अवामी लीग के वोट BNP को मिले, जमात को हराया:** बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी NCP को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया।

# लखनऊ में 6 लोगों को रौंदने वाला छात्र गिरफ्तार

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ में कार से 6 लोगों को रौंदने वाला 12वीं का स्टूडेंट गौरव सिंह गिरफ्तार हो गया है। इस हिट एंड रन घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसमें आरोपी गौरव तेज रफ्तार में कार चलाता हुआ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कार में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। दोनों किसी फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे।

कार से कुचलकर नानी के साथ मार्केट गए 6 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जान गंवाने वाला बच्चा दीक्षांत उन्नाव का रहने वाला है। वह ननिहाल में मां साधना के साथ रहता था। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था।

हादसा गुरुवार शाम करीब 7 बजे बंथरा इलाके के कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ। इसका CCTV शुक्रवार को सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार रुकते ही लड़की उतर गई, जबकि छात्र कार लेकर भाग निकला। वहीं, सूचना पर अस्पताल पहुंची मां अपने बेटे के शव से कफन हटाते ही चीख पड़ी।

एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के मुताबिक, पुलिस ने कार को ट्रेस कर आरोपी छात्र गौरव सिंह को गिरफ्तार किया। उसकी डिजायर कार भी जब्त कर ली है। गौरव की कार बेकाबू थी। वह अवध कॉलेजिएट में 12वीं में पढ़ता है। उसकी उम्र 21 साल है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया- हादसे के समय कार में गौरव सिंह की क्लासमेट भी मौजूद थी, जो दुर्घटना के बाद वहीं उतर गई। स्थानीय लोगों ने लड़की को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

> ♦ गर्लफ्रेंड के साथ पार्टी से लौट रहा था, 6 साल के बच्चे की मौत, 5 की हालत नाजुक

# मुख्तार के शूटर शोएब की दिनदहाड़े हत्या

**एजेंसी, बाराबंकी**



बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह 50 साल का था। वारदात शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे हुई, जब वह कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। हाईवे से 100 मीटर आगे बढ़ते ही दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उसकी कार पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं।

पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटाया है। हत्याकांड की सूचना पर IG प्रवीण कुमार, डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे। बॉबी पर हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े कई मुकदमे दर्ज थे। सूत्रों के मुताबिक, मुख्तार की मौत के बाद गैंग के भीतर वर्चस्व की लड़ाई और आपसी रंजिश चल रही थी। शोएब वकील भी था। उसकी हत्या के विरोध में वकीलों ने जिला अस्पताल में हंगामा किया।

# पाकिस्तान में पीटीआई के पक्ष में विपक्ष का संसद भवन के बाहर आज से धरना

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और तहरीक तहफ्फुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) प्रमुख महमूद खान अचकजई ने घोषणा की है कि विपक्षी पार्टियां आज से संसद भवन के बाहर धरना शुरू करेंगी। अचकजई ने गुरुवार देररात राजधानी इस्लामाबाद में पत्रकारों के समक्ष घोषणा करते हुए कहा कि यह फैसला विपक्षी नेताओं की एक बैठक में लिया गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले राजधानी में हुई बैठक में आमराय से फैसला लिया गया कि जब तक जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान तक पहुंचने की इजाजत नहीं मिल जाती और उनकी पार्टी और परिवार की संतुष्टि के हिसाब से उनका इलाज पक्का नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा।

अचकजई ने देररात मीडिया से कहा कि धरना-प्रदर्शन संसद भवन के बाहर शांतिपूर्ण रहेगा। उनके साथ मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास और पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान और असद कैसर भी मौजूद रहे। उन्होंने यह भी साफ किया कि विपक्षी गठबंधन की मांगें धरने पर ही सबके सामने रखी जाएंगी। उन्होंने कहा, "हम कल (शुक्रवार) धरने पर अपनी मांगें रखेंगे।" विपक्ष के नेता ने कहा कि जब तक ये मांगें मान नहीं ली जातीं, धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस दौरान अगर कुछ भी बुरा घटता है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। महमूद खान अचकजई ने कहा कि विरोध शुक्रवार सुबह शांति से शुरू होगा। उन्होंने विपक्षी सांसदों और समर्थकों से धरना और प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं। वह भ्रष्टाचार से लेकर आतंकवाद तक के कई मामलों का सामना कर रहे हैं। यह विरोध जेल में बंद इमरान के स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं पर केंद्रित है। खासकर उन तक पहुंच और उनके इलाज को लेकर। उच्चतम न्यायालय को सौंपी गई सात पेज की रिपोर्ट के बाद समूचा विपक्ष लामबंद हो गया है। विपक्ष का कहना है कि इस रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की दाहिनी आंख की लगभग 85 फीसद रोशनी चली गई है। 10 फरवरी को उच्चतम न्यायालय ने पीटीआई के वकील सलमान सफदर को एमिकस क्यूरी (न्यायालय का मित्र) नियुक्त किया था। उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री से मिलने और 11 फरवरी को रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था।

न्यायिक निर्देश पीटीआई संस्थापक के अदियाला जेल में रहने की स्थिति से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान आए। इस मामले की सुनवाई पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी और न्यायमूर्ति शाहिद बिलाल हसन की पीठ ने की। इमरान को महीनों तक लगातार धुंधली नजर की समस्या थी। इसके बारे में उन्होंने बार-बार जेल अधिकारियों को बताया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले, बोले- किसान हितों से समझौता नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है। आगे अन्य फसलें भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में इस समझौते के विरोध में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन करने पर बात हुई।

**बातचीत में ये संगठन मौजूद रहे:** राहुल गांधी से मिलने वालों में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल एस खैरा, हरियाणा के भारतीय किसान मजदूर यूनियन के अशोक बलहारा, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर. नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोह्री, किसान मजदूर मोर्चा-इंडिया के गुरमनीत एस मंगत और जम्मू-कश्मीर जमीदारा फोरम के हमीद मलिक सहित कई अन्य नेता शामिल थे। यह बैठक उस बयान के एक दिन बाद हुई, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ FIR दर्ज करे, केस करे या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए, लेकिन वे किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने PM नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जरिए वे देश को बेच रहे हैं और किसान विरोधी हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो जारी कर सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा व्यापार समझौता जो किसानों की रोजी-रोटी छीन ले या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान विरोधी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे मोदी सरकार को किसानों के हितों से समझौता नहीं करने देंगे।

> ❐ भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर बातचीत हुई

# महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर रेप के आरोप

**एजेंसी, भोपाल**



श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर राजस्थान निवासी एक युवती ने दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई-मेल भेजकर सुरक्षा की मांग भी की है। पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज करवाने की भनक लगते ही उसे धमकियां मिलने लगी हैं। उत्तम स्वामी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। उनके करीबी लोग समझौते का दबाव बना रहे हैं। युवती ने ई-मेल में लिखा है कि उसके और उसके परिवार के बारे में बेहद निजी जानकारी रखी जा रही है। उसे नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका है।

**पीड़िता ने कहा- धर्म की आड़ में कई साल किया यौन शोषण:** युवती ने आरोप लगाया है कि उत्तम स्वामी कई साल से उसका यौन शोषण कर रहा था। जब वह नाबालिग थी, तभी से धर्म की आड़ में उसके साथ गलत काम किए गए। उसने विरोध किया तो उसे डराया-धमकाया गया। उत्तम स्वामी के प्रभाव के कारण लंबे समय तक वह शिकायत नहीं कर सकी। पीड़िता ने यह भी कहा है कि उसके पास आरोपों से जुड़े सबूत हैं और वह कानून की मदद लेना चाहती है। उसने आशंका जताई है कि आरोपी के प्रभाव के कारण साक्ष्यों से छेड़छाड़ की जा सकती है।

# राजस्थान- शराब समझकर जहरीला केमिकल पीया, 4 की मौत

**एजेंसी, भीलवाड़ा**



राजस्थान के भीलवाड़ा में 5 लोगों ने शराब समझकर जहरीला केमिकल पी लिया। इनमें तीन महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हैं और शादी वाले घर से शराब की बोतलें समझकर ये केमिकल ले आए थे। हादसा जिले के अलोली गांव में गुरुवार देर रात को हुआ।

**अपने घर पर पीया केमिकल:** आलोली निवासी हरदयाल सिंह ने बताया - 10 फरवरी को परिवार में शादी थी। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। अगले दिन कुछ लोग खाने लेने घर आए और यहां साफ-सफाई की। बर्तन साफ करने के लिए केमिकल मंगवाया गया था। घर लौटते समय वे कई बोतलें अपने साथ ले गए। आशंका है कि 12 फरवरी की शाम को घर पर इनमें से कुछ लोगों ने ये केमिकल पी लिया था। कुछ मिनटों बाद ही इनकी हालत बिगड़ने लगी।

पड़ोसियों ने उन्हें गंगापुर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां गुरुवार रात को जमनी (60) शंकर कंजर, रतन (42) पुत्र मिश्री लाल कंजर और उसकी पत्नी सुशीला (40) की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाओं को भीलवाड़ा के हॉस्पिटल रेफर किया था।

# योगी बोले- हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे, ऐसे लोगों को कान पकड़कर बाहर किया जाए

**एजेंसी, लखनऊ**



यूपी विधानमंडल में बजट सत्र का आज 5वां दिन है। सीएम विधानसभा में बोल रहे हैं। उन्होंने कहा- वंदे मातरम का अपमान कोई नहीं कर सकता। ये हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे। ऐसे लोगों को यहां रहने का अधिकार नहीं है। जो इसका विरोध करता है, उसका कान पकड़कर बाहर करना चाहिए। सीएम ने कहा- आज यूपी में कोई भी तीर्थ स्थल हो, किसी भी धर्म के हो, उसे पौराणिक विषयों से जोड़ा गया। उसे विकसित किया। अर्थ व्यवस्था को मजबूत किया। वहां फूल बेचने वाला ब्राह्मण नहीं होगा, टैक्सी चलाने वाले ब्राह्मण नहीं होगा। ब्राह्मण पुजारी हो सकता है। लेकिन बाकी सब दूसरी जाति के हैं, मतलब हर वर्ग का व्यक्ति फायदा पा रहा है।

9 वर्ष की यह जो यात्रा है, वह सरकार की अपराध-अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है, समस्या से समाधान की यात्रा है। विश्वास से अविश्वास की यात्रा है। यह यात्रा सत्ता प्राप्त करने की होड़ नहीं है, इसे प्राप्त करने के लिए सरकार की नियत साफ थी। इससे पहले सीएम ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से कहा- आप उचित बात करते हैं, लेकिन पता नहीं क्यों आपके और संजय निषाद के बीच रंजिश चल रही है। ऐसा लगता है कि आपकी भी पोखरी यानी तालाब का संजय निषाद पट्टा कराकर आ गए हैं। दरअसल, इससे पहले आरक्षण मुद्दे पर माता प्रसाद पांडेय और संजय निषाद के बीच तीखी बहस हो गई थी।

**महाना भाजपा विधायक पर भड़के, हेडफोन फेंका:** सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही टोका-टोकी करने से अध्यक्ष सतीश महाना भाजपा विधायक केतकी सिंह पर भड़क गए। उन्होंने कहा- आप बैठिए। सदन चलाना मेरा काम है। गुस्से में उन्होंने हेडफोन निकालकर फेंक दिया। 10 मिनट के लिए सदन स्थगित करके कुर्सी से उठकर चले गए। वापस आए तो कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने कहा- आप मुस्कुराते अच्छे लगते हैं। फिर उन्होंने वित्त मंत्री से महाना को मनाने के लिए शायरी सुनाने की अपील की।

# एक्सपायरी डेट का काला खेल:- उपभोक्ता स्वास्थ्य, कानून और प्रशासनिक जवाबदेही पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक समग्र विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» एक्सपायर्ड उत्पाद बेचना या उसकी तारीख बदलना न केवल लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन है, बल्कि यह धोखाधड़ी और स्वास्थ्य संकट का सीधा निमंत्रण है

» हर ग्राहक को खरीदारी से पहले पैकेट के पीछे,नीचे या सील के पास बारीक अक्षरों में अंकित तिथि अवश्य देखें,तारीख धुंधली, दोबारा छपी हुई या पैकेजिंग संदिग्ध हो,उत्पाद न खरीदें,शिकायत करें -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक बाजार व्यवस्था में उपभोक्ता विश्वास सबसे बड़ा पूंजीगत आधार माना जाता है। यदि ग्राहक को यह भरोसा न रहे कि जो उत्पाद वह खरीद रहा है वह सुरक्षित, प्रमाणित और नियमानुसार है, तो संपूर्ण बाजार संरचना डगमगा सकती है।भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण देश में,जहाँ रोज़ाना करोड़ों लोग पैकेज्ड खाद्य पदार्थ,पेय पदार्थ और दवाइयाँ खरीदते हैं,वहाँ एक्सपायरी डेट के साथ छेड़छाड़ का बढ़ता गोरखधंधा न केवल आर्थिक अपराध है बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी है।हाल के समय में सामने आए मामलों जिनमें एक्सपायर्ड माल पर थिनर,एसीटोन जैसे रसायनों से तारीख मिटाकर नई तारीख छापने की घटनाएँ शामिल हैं,ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कुछ असामाजिक तत्व लाभ के लालच में नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने से भी पीछे नहीं हट रहे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत ने सुदृढ़ कानूनी ढाँचा बनाया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबलिंग और लाइसेंसिंग को नियंत्रित करता है। इसी के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की स्थापना की गई, जिसका दायित्व खाद्य मानकों का निर्धारण, निरीक्षण और प्रवर्तन सुनिश्चित करना है। इस अधिनियम के अनुसार किसी भी खाद्य व्यवसाय संचालक के लिए वैध फूड लाइसेंस अनिवार्य है।यदि लाइसेंस एक्सपायर हो चुका है और फिर भी व्यवसाय जारी है,तो यह स्पष्ट आपराधिक उल्लंघन है।एक्सपायर्ड उत्पाद बेचना या उसकी तारीख बदलना न केवल लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन है,बल्कि यह धोखाधड़ी और स्वास्थ्य संकट का सीधा निमंत्रण है।उपभोक्ता संरक्षण के संदर्भ में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,2019 भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कानून के तहत भ्रामक व्यापारिक प्रथाएँ, गलत विज्ञापन, गुणवत्ता में कमी या सुरक्षा से समझौता करने पर कठोर दंड का प्रावधान है। यदि कोई विक्रेता जानबूझकर एक्सपायर्ड माल बेचता है या एक्सपायरी डेट बदलकर उपभोक्ता को भ्रमित करता है, तो उपभोक्ता इस अधिनियम के तहत जिला,राज्य या राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कर सकता है। साथ ही, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को भी भ्रामक और असुरक्षित व्यापारिक प्रथाओं पर कार्रवाई का अधिकार प्राप्त है। साथियों बात अगर हम एक्सपायरी डेट,बेस्ट बिफोर और यूज़ बाय,इन तीन शब्दों का अंतर को समझने की करें तो,प्रत्येक ग्राहक के लिए अत्यंत आवश्यक है। एक्सपायरी डेट या यूज़ बाय वह अंतिम तिथि है जिसके बाद उत्पाद का सेवन स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित हो सकता है।विशेषकर डेयरी उत्पाद, मांस, रेडी-टू-ईट फूड और दवाइयाँ इस श्रेणी में आती हैं। बेस्ट बिफोर का अर्थ है कि उस तिथि तक उत्पाद की गुणवत्ता सर्वोत्तम रहेगी;उसके बाद गुणवत्ता में गिरावट संभव है, किंतु हर स्थिति में वह तुरंत हानिकारक हो,यह आवश्यक नहीं। दवाइयों के संदर्भ में स्थिति और भी गंभीर है;उनकी एक्सपायरी के बाद प्रभावशीलता घट सकती है या रासायनिक संरचना बदल सकती है, जिससे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए दवा खरीदते समय एक्सपायरी डेट देखना अनिवार्य सावधानी है। साथियों बात अगर हम हाल ही में 2 दिन पूर्व घटित हुए एक चर्चित प्रकरण को समझने की करें तो,अमूल ब्रांड के लगभग 30 हजार किलो एक्सपायर्ड नॉन-डेयरी उत्पाद, जैसे नूडल्स, केचअप, मेयोनीज़ और एनर्जी ड्रिंक,एक फर्म से जब्त किए गए। रिपोर्टों के अनुसार लगभग 6 करोड़ रुपये मूल्य के इस माल में से हजारों कार्टन में निर्माण और एक्सपायरी तिथि मिटाकर पुनः बाजार में उतारने की तैयारी थी, और संबंधित फर्म का फूड लाइसेंस भी एक्सपायर था।यदि फूड सेफ्टी टीम समय पर कार्रवाई न करती,तो यह माल लाखों उपभोक्ताओं तक पहुँच सकता था। यह घटना बताती है कि संगठित स्तर पर भी तारीख बदलने की तकनीक अपनाई जा रही है,जिसमें केमिकल से प्रिंट हटाकर नई तारीख छापना शामिल है। यह न केवल कानूनन अपराध है,बल्कि यह उपभोक्ताके जीवन के साथ गंभीरखिलवाड़ है।ऐसी घटनाएँ यह प्रश्न उठाती हैं कि क्या हम अनजाने में एक्सपायर्ड माल का सेवन कर रहे हैं? किराना दुकानों सुपरमार्केट, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और यहाँ तक कि सरकारी उचित मूल्य की दुकानों में भी यदि निगरानी ढीली हो,तो जोखिम बढ़ जाता है।विशेष चिंता तब और गहरी हो जाती है जब सार्वजनिक वितरण प्रणाली या स्कूल मिड-डे मील जैसी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता हो। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अक्सर सस्ती वस्तुओं की ओर आकर्षित होते हैं; यदि वही वस्तुएँ एक्सपायर्ड या छेड़छाड़ की हुई हों, तो स्वास्थ्य संकट कई गुना बढ़ जाता है। साथियों बात अगर हम स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एडवाइस को समझने की करें तो उनके अनुसार एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों के सेवन से फूड पॉइजनिंग, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, बैक्टीरियल संक्रमण, यहाँ तक कि गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ सकती है। दूषित या एक्सपायर्ड पेय पदार्थों से फंगल ग्रोथ, टॉक्सिन्स और रासायनिक बदलाव की संभावना रहती है। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम अधिक होता है। दवाइयों के मामले में एक्सपायरी के बाद दवा की प्रभावशीलता कम हो सकती है, जिससे उपचार विफल हो सकता है और रोग जटिल हो सकता है।ऐसी स्थिति में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी प्रशासन की। हर ग्राहक को खरीदारी से पहले पैकेट के पीछे, नीचे या सील के पास बारीक अक्षरों में अंकित तिथि अवश्य देखनी चाहिए। यदि तारीख धुंधली हो, दोबारा छपी हुई लगे या पैकेजिंग संदिग्ध प्रतीत हो, तो उत्पाद न खरीदें। बिल अवश्य लें ताकि शिकायत की स्थिति में प्रमाण उपलब्ध रहे। उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 (राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन) पर शिकायत दर्ज की जा सकती है या एफएसएसएआई की फ़ूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप के माध्यम से भी रिपोर्ट किया जा सकता है। सामूहिक जागरूकता ही इस काले खेल को रोकने का प्रभावी माध्यम बन सकती है।केंद्रीय और राज्य स्तर पर उपभोक्ता मंत्रालयों तथा खाद्य सुरक्षा विभागों को नियमित निरीक्षण अभियान, सैंपलिंग ड्राइव और आकस्मिक छापे तेज करने चाहिए। डिजिटल ट्रैकिंग, क्यूआर कोड आधारित सत्यापन और सप्लाई चेन मॉनिटरिंग जैसे तकनीकी उपाय अपनाए जा सकते हैं। लाइसेंस नवीनीकरण की सख्त निगरानी, बार-बार उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस निरस्त करना और भारी आर्थिक दंड लगाना आवश्यक है। साथ ही, दोषियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा चलाकर जेल भेजना एक सशक्त संदेश देगा कि उपभोक्ता स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथियों बात अगर हम जनजागरूकता अभियान की अनिवार्यता को समझने की करें तो यह उतना ही महत्वपूर्ण हैं। स्कूलों, कॉलेजों, सामुदायिक केंद्रों और मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्सपायरी डेट, बेस्ट बिफोर और यूज़ बाय के अंतर को समझाने वाले कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। स्वयंसेवी संस्थाएँ और सामाजिक संगठन दुकानों पर जागरूकता पोस्टर लगा सकते हैं, रैंडम चेक कर सकते हैं और संदिग्ध मामलों की सूचना दे सकते हैं। यदि नागरिक सक्रिय भागीदारी करें,तो प्रशासन पर भी कार्रवाई का बड़ा सटीक दबाव बढ़ेगा। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त मानक लागू हैं इसको समझने की करें तो । यूरोपियन यूनियन में यूज़ बाय और बेस्ट बिफोर की स्पष्ट परिभाषाएँ हैं तथा लेबलिंग में किसी प्रकार की हेराफेरी पर भारी जुर्माना और आपराधिक दंड का प्रावधान है। अमेरिका में फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन पैकेजिंग और लेबलिंग मानकों की निगरानी करता है। भारत में भी समान रूप से कठोर कानून मौजूद हैं,परंतु चुनौती प्रवर्तनकी है। यदि निरीक्षण धीमे हों, सैंपलिंग नियमित न हो और जनजागरूकता सीमित रहे, तो कानून की शक्ति कागज़ों तक सीमित रह जाती है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य अपव्यय और खाद्य सुरक्षा के बीच संतुलन की भी चर्चा होती है। कई बार बेस्ट बिफोर तिथि पार होने के बाद भी उत्पाद उपभोग योग्य होता है, परंतु यूज़ बाय तिथि के बाद सेवन जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए वैज्ञानिक समझ और स्पष्ट संप्रेषण आवश्यक है ताकि अनावश्यक भय न फैले, किंतु सुरक्षा से समझौता भी न हो। भारत को भी अपने लेबलिंग मानकों को सरल, स्पष्ट और उपभोक्ता-अनुकूल बनाना चाहिए।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि एक्सपायरी डेट बदलकर माल बेचना केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि यह सामाजिक नैतिकता और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर आघात है। यदि हम सजग नहीं होंगे,तो यह काला कारोबार और फैल सकता है। कानून मौजूद हैं, संस्थाएँ मौजूद हैं, परंतु प्रभावी प्रवर्तन,पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी के बिना लक्ष्य अधूरा रहेगा।प्रत्येक ग्राहक की जिम्मेदारी है कि वह खरीदारी से पहले तिथि जांचे, संदिग्ध उत्पाद की शिकायत करे और अपने परिवार को जागरूक बनाए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह नियमित जांच, कड़ी सजा और व्यापक जनजागरण के माध्यम से इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाए।उपभोक्ता स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र की मानव पूंजी का आधार है। यदि नागरिक स्वस्थ रहेंगे तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बन सकेगा।इसलिए एक्सपायरी डेट की जांच केवल एक छोटी सावधानी नहीं, बल्कि एक बड़े सामाजिक उत्तरदायित्व का हिस्सा है,जिसे अपनाकर हम स्वयं को, अपने परिवार को और समाज को संभावित स्वास्थ्य संकट से बचा सकते हैं।

**-संकलनकर्ता लेखक - क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

# प्रणय पर्व : प्रेम और कर्तव्य् का अंतर्संबंध



लेखक- राकेश कुमार वर्मा

आत्मा तीन नश्वर शरीरों में समाहित है, पहला शरीर मांस है, जिसे स्पर्श कर अनुभव कर सकते हैं। दूसरा शरीर तंत्रिका ऊर्जा है जो मांस को चैतन्य करती है और तीसरा आत्मा का शरीर है जो अदृश्य् है। आत्मा का शरीर कर्मों के ऋणों से बंधा है। जब तक यह शरीर पिछले जन्मों के संचित ऋणों से मुक्त नहीं हो जाता, आत्मा को मत्यु लोक में भटकना पड़ता है। यम देवता मृत्यु और पुनर्जन्म से संबंधित हैं। उनका पाश हमारी आत्मा का बंधन है। जबकि कामदेव पुष्पशरों से निरंतर वासनाओं को उद्वेलित करते रहते हैं। आख्यानों में प्रेम और ऋण का परस्पर अंतर्संबंध हैं। जिसे श्रीराम के वंशज मंधाता (जिनके माता-पिता एक हैं) द्वारा प्रस्तुत तर्कों से समझा जा सकता है। इसमें उनके पिता वल्लभी के सम्राट युवनाश्च द्वारा पूछे गये प्रश्न की विवेचना है । दो घनिष्ठ मित्रों में से यदि एक शापवश कन्या बन जाता है। ऐसे में वे पति पत्नी की तरह जीवन बिताना चाहते हैं। लेकिन कन्या बने युवक के आत्मज पूछते हैं कि उनका श्राद्ध कौन करेगा। ऐसे में युवक बने कन्या को कैसे व्यवहार करना चाहिए—अपने पूर्वजों की संतुष्टि के लिए एक पुरुष की तरह या अपने मित्र की संतुष्टि के लिए एक महिला की तरह? मंधाता ने कहा - एक पुरुष की तरह। क्योंकि एक महिला की तरह व्यवहार करना कामना के आगे समर्पण करना है। कामना धर्म के लिए बाधक है, जो समय के साथ परिवर्तित होती रहती है जिस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वहीं जो समय के साथ नहीं बदलता वह है कर्तव्य, जिस पर भरोसा किया जा सकता है।यह जन्म के समय तय होता है। क्योंकि जन्म हमारे जैविक और वंशानुगत गुण को प्रकट करते है, इसी प्रकार के दर्शन से प्रेरित होकर जरतकारु और अगस्त्य का विवाह हुआ के जिनके संतान में पुत्र को पुत्र और पुत्री कहा गया, क्योंकि उनके जन्म से ही उनके माता-पिता को पुत नामक नरक से मुक्ति मिली । कला में पितरों को आमतौर पर पुरुष रूप में दर्शाया जाता है, क्योंकि प्रतीकों की भाषा में पुरुष रूप आत्मा का और स्त्री रूप शरीर का प्रतीक है। प्रेम भावनाओं की चंचलता है, जो कभी-कभी विरोधाभासी भी हो सकता है, जबकि ऋण जीवन और आकांक्षाओं से जुड़ा है। जब तक भूख या सांसारिक सुख जैसे उपभोग या महत्वाकांक्षा को तुष्ट करते रहेंगे ,तब तक हम समाज और प्रकृति के ऋणी होते रहते हैं,जिन्हें यज्ञ (परोपकार) के माध्यम से संतुलित किया जाता है। ग्रीस में प्रेम के देवता को इरोस नामक एक चंचल बच्चे के रूप में देखा जाता था। एक कुशल धनुर्धर की तरह वह दो प्रकार के तीर रखता था - एक सोने की नोक वाला और दूसरा सीसे की नोक वाला। सोने की नोक वाले तीर लोगों को अनुराग के लिए प्रेरित करते थे। जबकि सीसे की नोक वाला तीर घृणा उत्पन्न करता थे। सौंदर्य और उर्वरता की देवी वीनस के इस पुत्र को सामाजिक नियमों की परवाह नहीं थी, जिससे संगठन और व्यवस्था के देवता अपोलो चिन्तित थे जबकि रचनात्मक अराजकता के देवता डायोनिसस को इस अनैतिकता से प्रसन्नता होती थी। वेलेंटाइन डे की उत्पत्ति से जुड़ी एक प्रचलित मान्यता क्लॉडियस द क्रूर से संबंधित है। इसके अनुसार, तीसरी शताब्दी के दौरान रोम में वेलेंटाइन सेवा करने वाले एक पुजारी थे। जब सम्राट क्लॉडियस द्वितीय ने यह निर्णय लिया कि अविवाहित पुरुष विवाहित पुरुषों की तुलना में बेहतर सैनिक होते हैं, तो उन्होंने अपने भावी सैनिकों के लिए विवाह प्रतिबंधित कर दिया। वेलेंटाइन ने क्लॉडियस की अवज्ञा की और गुप्त रूप से युवा प्रेमियों के विवाह संपन्न कराते रहे। इस अपराध के लिए क्लॉडियस ने लगभग 270 ईस्वी में 14 फरवरी को वेलेंटाइन को मृत्युदंड का आदेश दिया। आज अन्य पर्वों की तरह वैलेंटाइन डे कारपोरेट जगत से संचालित हैं। दुनिया भर में उपहार निर्माताओं ने इससे मिलने वाले व्यावसायिक अवसर का लाभ उठाने के लिए इसे लोकप्रिय बनाया। अन्यथा प्रेम संबंधों में तो हर दिन एक उत्सव है। मानवीय भावनाओं का स्नेह, अनुराग पूर्व नियोजित कोई विशेष दिन नहीं होता।

# वैलेंटाइन डे प्यार के उत्सव का नया बाजार



लेखक- हर्षवर्धन पान्डे

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड का हो गया है। आज जहाँ इजहार और इकरार करने के तौर तरीके बदल गए हैं वहीं इंटरनेट के इस दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। पहली बार शहरी चकाचौंध से इतर प्यार का यह उत्सव एक बड़ा बाजार को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। आज युवा भी इसकी गिरफ्त में पूरी तरह से नजर आते है तभी तो शहरों से लेकर कस्बो तक वैलेंटाइन का जलवा देखते ही बनता है। आलम यह है ये बड़ा उत्सव बन चुका है जो भारतीयों में तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है। वैलेंटाइन के चकाचौंध पर अगर दृष्टि डालें तो इस सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की माने तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते है लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्म गुरू थे। उन दिनों वहाँ पर क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नही सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवको के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियो की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फेसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फासी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन । आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वेलेंटाइन। 14 फरवरी के बहाने जिसे बाद में इस संत के नाम पूरे विश्व में निःस्वार्थ प्रेम से मनाया जाने लगा।

यही नहीं वैलेंटाइन के बारे में कुछ अन्य बातें भी है। इसके अनुसार तर्क यह दिए जाते है प्राचीन रोम के प्रसिद्ध पर्व ल्युपरकेलिया के ईसाईकरण की याद में मनाया जाता है। यह पर्व रोमन साम्राज्य के संस्थापक रोम्योलुयास और रीमस की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन पर रोमन धर्मगुरु उस गुफा में एकत्रित होते थे जहाँ एक मादा भेडिये ने रोम्योलुयास और रीमस को पाला था इस भेडिये को ल्युपा कहते थे और इसी के नाम पर उस त्यौहार का नाम ल्युपर केलिया पड़ गया। इस अवसर पर वहां बड़ा आयोजन होता था। लोग अपने घरो की सफाई करते थे साथ ही अच्छी फसल की कामना के लिए बकरी की बलि देते थे। कहा जाता है प्राचीन समय में यह परम्परा खासी लोक प्रिय हो गई। एक अन्य किंदवंती यह कहती है 14 फरवरी को फ्रांस में चिड़ियों के प्रजनन की शुरुआत मानी जाती थी जिस कारण खुशी में यह त्यौहार वहा प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। प्रेम के तार रोम से भी सीधे जुड़े नजर आते हैं। वहाँ पर क्यूपिड को प्रेम की देवी के रूप में पूजा जाने लगा जबकि यूनान में इसको इरोश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन वैलेंटाइन संदेश के बारे में भी लोगो में एकरूपता नजर नही आती। कुछ ने माना है कि यह इंग्लैंड के राजा ड्यूक ने लिखा जो आज भी वहां के म्यूजियम में रखा हुआ है। आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलके बिछाये बैठे रहते हैं। भईया प्रेम का इजहार जो करना है ? वैलेन्टाइन प्रेमी इसको प्यार का इजहार करने का दिन बताते है। यूँ तो प्यार करना कोई गुनाह नही है लेकिन जब प्यार किया ही है तो इजहार करने मे देर नही होनी चाहिए लेकिन अभी का समय ऐसा है जहाँ युवक युवतिया प्यार की सही परिभाषा नही जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे है प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बाँध सकते। वह तो प्यार को हंसी मजाक का खेल समझ रहे है। आज का प्यार मैगी के नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। सच्चे प्रेमी के लिए तो पूरा साल प्रेम का प्रतीक बना रहता है लेकिन आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन नाइट्स ऑफ सेवेन्स प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को वाइट डे का नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ गया है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक छा जाती है। गिफ्ट सेंटर में उमड़ने वाला सैलाब, चहल पहल इस बात को बताने के लिए काफी है यह किस प्रकार आम आदमी के दिलो में एक बड़े पर्व की भांति अपनी पहचान बनने में कामयाब हुआ है। इस अवसर पर प्रेमी होटलों , रेस्तारा में देखे जा सकते हैं। यूं तो हमारी संस्कृति में प्रेम को परमात्मा का दूसरा रूप बताया गया है अतः प्रेम करना गुनाह और प्रेम का विरोधी होना सही नहीं होगा लेकिन वैलेंटाइन के नाम पर जिस तरह का पश्चिमीपरस्त विस्तार हो रहा है वह सही नहीं है। वैसे भी यह प्रेम की स्टाइल भारतीय जीवन मूल्यों से किसी तरह मेल नहीं खाती। आज का वैलेंटाइन डे भारतीय काव्य शास्त्र में बताये गए मदनोत्सव का पश्चिमी संस्करण प्रतीत होता है लेकिन बड़ा सवाल जेहन में हमारे यह आ रहा है क्या आप प्रेम जैसे चीज को एक दिन के लिए बाध सकते है? शायद नहीं। एक समय ऐसा था जब राधा, कृष्ण , मीरा वाला प्रेम हुआ करता था जो आज के वैलेंटाइन प्रेमियों का जैसा नहीं होता था। आज लोग प्यार के चक्कर में बर्बाद हो रहे है।

# डीपफेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता



लेखक- ललित गर्ग

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है। पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि "आपत्तिजनक" या "भ्रामक" सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए।

## रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान होंगे

### 2019 से टीम के साथ हैं, संजू सैमसन ट्रेड होकर सीएसके चले गए थे

**जयपुर (एजेंसी)।** 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम ने ऑलराउंडर रियान पराग को टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में चले जाने के बाद लिया गया है। 2026 के लिए हुए आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ट्रेड विंडो के जरिये सीएसके में चले गए थे। सीएसके ने इसके बदले रवींद्र जडेजा और सैम करन जैसे दो ऑलराउंडर राजस्थान रॉयल्स को दिया था। 24 साल के रियान पराग पिछले सात सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। संजू सैमसन ने पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है।

### पिछले साल 8 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं पराग

रियान पराग के लिए कप्तानी का अनुभव नया नहीं है। आईपीएल 2025 के दौरान जब संजू सैमसन चोट की वजह से 8 मैचों से बाहर रहे थे, तब पराग ने ही टीम की कमान संभाली थी। हालांकि, उन 8 मैचों में टीम को सिर्फ 2 जीत मिली थी, लेकिन बतौर बल्लेबाज पराग ने प्रभावित किया था। उन्होंने कप्तानी के दौरान 38.57 की औसत से रन बनाए थे, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेली गई 95 रनों की पारी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है।

## होटल में बुकिंग ना होने पर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी खिलाड़ी

### सड़क पर गुजारे कई घंटे

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान हॉकी टीम के सदस्यों को कैनबरा पहुंचने पर कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े क्योंकि पैसों के अभाव में पाकिस्तान हॉकी महासंघ होटल के बिल का भुगतान नहीं कर सका जिससे होटल बुकिंग रद्द हो गई। पाकिस्तानी टीम होबर्ट में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मैच खेलने आस्ट्रेलिया में है। टीम के सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को घंटों तक सड़क पर रहना पड़ा। एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए कैनबरा में एक चार सितारा होटल में कमरे बुक किए गए थे। उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान खेल बोर्ड और पीएचएफ ने कैनबरा में उनके रहने के लिए सारे भुगतान कर दिए हैं। सूत्र ने कहा, लेकिन पिछले सप्ताह कैनबरा पहुंचने पर पता चला कि उस होटल में कोई बुकिंग थी ही नहीं। टीम के मुख्य कोच ताहिर जमान टाइम जोन अलग होने के कारण पीएसबी और पीएचएफ अधिकारियों से संपर्क नहीं कर सके। सूत्र ने कहा, ताहिर ने उन्हें इस स्थिति के बारे में बताया कि लाहौर से लंबा सफर करके आए खिलाड़ियों के पास आराम करने की कोई जगह नहीं है।

# मुजरबानी की स्पीड के आगे ऑस्ट्रेलिया ने टेके घुटने

● जिम्बाब्वे ने टी-वर्ल्ड कप 2026 में किया सबसे बड़ा उलटफेर ● कंगारुओं की पहली हार, मुजरबानी ने 4 विकेट झटके

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पहला उलटफेर देखने को मिला है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन के अंतर से हराया। टीम ने दूसरी बार कंगारुओं को मात दी है। उसने 19 साल पहले 2007 में भी ऑस्ट्रेलिया को लीग राउंड में हराया था।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.3 ओवर के बाद 146 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट झटके। 3 विकेट ब्रैडली इवांस को मिले।

आस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ (65 रन) ने फिफ्टी




लगाई। ग्लेन मैक्सवेल ने 31 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस (6) ट्रैविस हेड (17) और जोश इंग्लिस (8) खास प्रदर्शन नहीं कर सके। टिम डेविड और कैमरन ग्रीन का खाता भी नहीं खुला।

जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने 56 बॉल पर नाबाद 64 रन बनाए। यह उनका टी-20 वर्ल्ड कप में पहला और टी-20 इंटरनेशनल में ओवरऑल 11वां अर्धशतक है। उनके अलावा तादिवानाशे मारुमनी और रयान बर्ल ने 35-35 रन की पारी खेली। कप्तान सिकंदर रजा ने 13 बॉल पर नाबाद 25 रन बनाए। ऑस्टेलिया के लिए मार्कस स्टोयनिस और कैमरन ग्रीन को 1-1 विकेट मिला। मैच का स्कोरकार्डज

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी जीत

● नामीबिया को 93 रनों से हराया, ईशान-पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। टूर्नामेंट इतिहास में रनों के लिहाज से यह इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 90 रन का था, जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में बना था।




भारतीय टीम ने लगातार दूसरा मैच जीतकर ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर जगह बना ली। भारत ने अमेरिका को पहला मैच हराया था। गुरुवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 210 रन का टारगेट चेज करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 3, अक्षर और हार्दिक ने 2-2 विकेट लिए। नामीबिया की ओर से लौरेन स्टीनकैंप ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए।

**भारत ने लगातार 10वां वर्ल्डकप मैच जीता, ऐसा करने वाली पहली टीम-** भारत इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने वाली टीम बन गई है। टीम ने वर्ल्ड कप में लगातार 10वां मैच जीता। भारत को आखिरी हार 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एडिलेड के मैदान पर मिली थी।

### भारत पॉइंट्स टेबल में नेट रन रेट से आगे

भारतीय टीम ग्रुप-ए में 2 जीत के साथ टॉप पर है। टीम के पास 4 अंक हैं, इतने ही अंक पाकिस्तान के पास भी हैं, लेकिन पाकिस्तानी टीम का नेट रन रेट भारत से बहुत कम है। इसी वजह से टीम इंडिया नंबर-1 पर है, जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड एक जीत के साथ तीसरे नंबर पर है। ॠ और नामीबिया शुरुआती दोनों मैच हार गई हैं।

### ईशान किशन को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड, नामीबिया के खिलाफ 24 गेंद में बनाए 61 रन

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा। भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था।

#### 20 गेंदों में अर्धशतक

ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-वर्ल्ड कप मुकाबले में अर्शदीप की जगह इस गेंदबाज को उतारे भारत: गावस्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर भी पूरे नहीं किए।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।




गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये । उन्होंने कहा, हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।

गावस्कर ने कहा, वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है।

**व्यापार**

## अमेरिका में बड़ा फैसला- भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सिएटल शहर प्रशासन जाह्नवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपये) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जाह्नवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था।

**119 किमी की रफ्तार से दौड़ रही थी पुलिस की गाड़ी :** यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर



मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस इलाके में गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा थी, वहां केविन डेव अपनी गाड़ी 119 किमी प्रति घंटा (74 एमपीएस) की रफ्तार से चला रहे थे। बताया गया कि वह ड्रग ओवरडोज की एक कॉल पर जा रहे थे। ह्नवी की मौत के बाद मामला तब और गरमा गया जब एक अन्य पुलिस अधिकारी, डैनियल ऑडरर का बॉडीकैम फुटेज सामने आया। इस वीडियो में ऑडरर को हंसते हुए और यह कहते हुए सुना गया कि जाह्नवी की जान की सीमित कीमत थी और शहर को बस एक चेक लिख देना चाहिए। इस असंवेदनशील टिप्पणी के सामने आने के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। भारतीय राजनयिकों ने भी मामले की जांच की मांग की थी। बाद में ऑडरर को नौकरी से निकाल दिया गया था, हालांकि उन्होंने अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

**आरोपी पुलिसकर्मी पर नहीं चला आपराधिक मुकदमा:** गंभीर लापरवाही के बावजूद, गाड़ी चलाने वाले अधिकारी केविन डेव पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया। किंग काउंटी के अभियोजकों का कहना था कि वे यह साबित नहीं कर पाए कि डेव ने जानबूझकर सुरक्षा की अनदेखी की थी। डेव को केवल लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए 5,000 डॉलर (करीब 4 लाख रुपये) का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया।

**समझौते से क्या बोले अधिकारी :** सिएटल की सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि जाह्नवी की मौत दिल दहलाने वाली थी। उन्होंने कहा, जाह्नवी कंडुला का जीवन मायने रखता था। यह उनके परिवार, दोस्तों और हमारे समुदाय के लिए महत्वपूर्ण था। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वित्तीय समझौते से परिवार को थोड़ी राहत मिलेगी। बताया गया है कि समझौते की राशि में से 2 करोड़ डॉलर का भुगतान शहर की बीमा कंपनी की ओर से किया जाएगा।

## प्रसन्न कुमार डी बने आईसीएआई के नए अध्यक्ष, मंगेश पी किनारे होंगे उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार को अपने नए नेतृत्व का एलान किया है। आईसीएआई की काउंसिल ने वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए प्रसन्ना कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष चुना है। 74वें अध्यक्ष के तौर पर संभालेंगे कमान सीए प्रसन्न कुमार डी संस्थान के 74वें अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वे आईसीएआई के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। अध्यक्ष के साथ ही काउंसिल ने मंगेश पांडुरंग किनारे को संस्थान का नया उपाध्यक्ष निर्वाचित किया है। यह चुनाव आईसीएआई की 26वीं काउंसिल द्वारा संपन्न किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रसन्ना कुमार डी का पेशेवर अनुभव चार दशकों से अधिक का है। वे 1984 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने थे और उन्होंने संस्थान में विभिन्न भूमिकाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। अपने पेशेवर कौशल के अलावा, उनकी खेल में भी रुचि है और वे एक वॉलीबॉल खिलाड़ी भी हैं। आईसीएआई दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर लेखा निकायों में से एक है। वर्तमान में संस्थान के साथ 15 लाख से अधिक सदस्य और छात्र जुड़े हुए हैं। इसका नेटवर्क बेहद व्यापक है, जिसमें 5 क्षेत्रीय परिषदें और भारत भर में 185 शाखाएं शामिल हैं।

● कंटेंट क्रिएट करना शुरू किया, नाते-रिश्तेदारों ने मारे ताने, अब 1 करोड़ का टर्नओवर

# 22 की उम्र में शादी, छोड़ा एमबीए, फिर कुछ ऐसा किया काम कि बिना पैसा लगाए 1 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पवनी मधुगला आंध्र प्रदेश की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और सूझबूझ से आज 1 करोड़ रुपये का कारोबार खड़ा कर दिया है। बिना किसी पूंजी या फैक्ट्री के पवनी ने यह कमाल किया है। इसमें ऑनलाइन बिक्री का बड़ा हाथ रहा है। वह पारंपरिक हलवा बेचती हैं। उन्होंने सितंबर 2024 में इसकी शुरुआत की थी। इस हलवे को बनाने में गुड़, गेहूं, दूध और पानी का इस्तेमाल होता है। इसे बिना चीनी, तेल या प्रिजर्वेटिव के बनाया जाता है। उनका हलवा उड़कर बिकता है। यह व्यवसाय आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के पास एक दूरदराज के गांव से चलता है। पवनी अपने वेंचर पवनी फूड्स के जरिये रोजाना 80-100 किलो हलवा बेचती हैं। आइए, यहां पवनी मधुगला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

22 की उम्र में हो गई शादी

पवनी हमेशा से पढ़ाई-लिखाई में अच्छी थीं। उन्होंने बीएससी एग्रीकल्चर से ग्रेजुएशन पूरा किया। सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी, पुणे में एमबीए की सीट भी हासिल कर ली थी। इसके लिए फीस भी



भर दी थी। लेकिन, एमबीए प्रोग्राम शुरू होने से ठीक एक हफ्ते पहले उनकी शादी तय हो गई। फिर कुछ ऐसी स्थितियां बनीं कि पवनी को अपनी एमबीए सीट छोड़नी पड़ी। 22 की उम्र में शादी के बाद पवनी अपने पति के गांव चली गईं। यह विशाखापत्तनम से लगभग 90 किलोमीटर दूर एक एकांत क्षेत्र था। यह एक ऐसा क्षेत्र था जहां परिवहन की खराब कनेक्टिविटी और काम के सीमित मौके थे। खासकर महिलाओं के लिए। अपने दोस्तों को करियर में सफल होते देख उन्हें पीछे छूट जाने का एहसास हुआ। उन्होंने आइडियाज के साथ एक्सपेरिमेंट करने की कोशिश भी की। लेकिन, गांव की स्थितियों ने साथ नहीं दिया। तुरंत कोई करियर ऑप्शन न होने के कारण पवनी ने इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएशन का सहारा लिया। इसके पीछे बिजनेस का कोई प्लान नहीं था। उन्होंने बस कुछ करने के लिए ऐसा किया।

कंटेंट क्रिएशन के लिए पवनी को अपने पति का समर्थन और अपने माता-पिता का प्रोत्साहन मिला। लेकिन, नाते-रिश्तेदारों ने ताने मारे। सवाल किए- उसे पैसों की जरूरत क्यों हैं, वह ऑनलाइन क्या कर रही है पवनी ने इन बातों को नजरअंदाज किया और अपने काम में लगी रहीं। फिर सितंबर 2025 की शुरुआत में पोस्ट किया गया उनका एक नॉर्मल वीडियो व्यावसायिक उद्यम में बदल गया। जिस क्षेत्र में पवनी रहती हैं, वहां गुड़, दूध, गेहूं के अर्क और पानी का इस्तेमाल करके पारंपरिक हलवा बनाया जाता है। वहीं, देश के बाकी हिस्सों में हलवा चीनी, दूध, तेल और प्रिजर्वेटिव से भरा होता है। जब पवनी ने इस बिना चीनी और बिना तेल वाले हलवे का एक रील बनाया तो इंटरनेट पर इसकी चर्चा होने लगी। वीडियो वायरल हो गया।

## किसान क्रेडिट कार्ड योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, करोड़ों किसानों को कैसे होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के नियमों में बदलाव और उन्हें बेहतर बनाने के लिए नए दिशा-निर्देशों का एक ड्राफ्ट (मसौदा) जारी किया है। इसका मकसद योजना का दायरा बढ़ाना, काम करने के तरीके को आसान बनाना और खेती-किसानी की नई जरूरतों को पूरा करना है। लोन की अवधि को फसल चक्र के साथ तालमेल बिठाने के लिए, केसीसीकी वैलिडिटी को बढ़ाकर 6 साल करने का प्रस्ताव है। रेगुलेटेड संस्थाएं, आम लोग और अन्य स्टेकहोल्डर 6 मार्च, 2026 तक ड्राफ्ट पर टिप्पणियां और सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने केसीसी ॠण की स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रम में एकरूपता लाने के लिए फसल सत्रों की अवधि को मानकीकृत करने का प्रस्ताव भी रखा है। इसके तहत कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों को 12 माह के चक्र और लंबी अवधि वाली फसलों को 18 माह के चक्र के रूप में परिभाषित किया गया है। लंबी अवधि की फसलों के चक्र के अनुरूप ॠण अवधि तय करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की कुल अवधि छह वर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है। सल सत्र के लिए फसल की अनुमानित लागत के साथ समायोजित करने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसानों को वास्तविक खेती लागत के अनुरूप पर्याप्त ॠण मिल सके। इसके अलावा, मिट्टी की जांच, वास्तविक समय में मौसम पूर्वानुमान और जैविक एवं उत्तम कृषि पद्धतियों के प्रमाणन जैसे तकनीकी खर्चों को भी पात्र मद में शामिल किया गया है। ये खर्च कृषि परिसंपत्तियों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए वर्तमान में स्वीकृत 20 प्रतिशत अतिरिक्त घटक के भीतर रखे जाएंगे। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने फरवरी के मौद्रिक नीतिगत वक्तव्य में केसीसी से संबंधित इन संशोधनों की घोषणा की थी।




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश बजट में किसानों के लिए कई घोषणाएं की थी। उन्होंने कहा था कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी। अब तक की व्यवस्था के मुताबिक किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 3 लाख रुपये तक के फसली ॠण के लिए 7 प्रतिशत ब्याज दर है। समय पर भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की सब्सिडी मिलने से प्रभावी दर 4 प्रतिशत रह जाती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)